## कई राज्य पानी-पानी



देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है। पिछले 48 घंटों में महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है।

आई.एस.ओ. ९००१:२००० अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 168-● जबलपुर ● सोमवार, 19 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## तीसरी लहर की आशंका

# जीवन रक्षक दवाओं का बन रहा एक महीने का स्टॉक

### आसीएमआर के विशेषज्ञों की आशंका, अगस्त से देश में फिर शुरू हो सकता है कोरोना का कहर

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 की तीसरी लहर को देखते हुए केंद्र सरकार ने आवश्यक कोविड-19 दवाओं जैसे रेमेडिसविर और फेविपिराविर का 30-दिवसीय बफर स्टॉक करने का निर्णय लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जीवन रक्षक दवाओं के अलावा सरकार पैरासिटामॉल, एंटीबायोटिक दवाएं और विटामिन जैसी सामान्य दवाओं व सप्लीमेंट्स को फिर से संचित कर रही है। मीडिया सूत्र के अनुसार, 'केंद्र तीसरी लहर से पहले रेमेडिसविर की पांच मिलियन शीशियों की खरीद करने की योजना बना रहा है। बेहतर यह है कि इस बार सरकार अग्रिम भुगतान कर रही है।' सरकार रेमेडिसविर, फैविपिरविर सरीखी दवाओं का स्टॉक बना रही है, ताकि दूसरी लहर जैसी हालत ना पैदा हो। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुख्य संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. समीरन पांडा ने यह आशंका जताते हुए कहा, अगस्त से देश में कोरोना की तीसरी लहर दिखाई दे सकती है। पांडा ने गणितीय आकलन के आधार पर आशंका जताई है कि आगामी




लहर में रोजाना के मामलों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो सकती है। अगस्त में आने वाली लहर के दौरान रोजाना एक लाख से अधिक मामले सामने आ सकते हैं। हालांकि, दूसरी लहर की तुलना में यह काफी कम है, क्योंकि मई के पहले सप्ताह के दौरान देश में रोजाना चार लाख से भी अधिक मामले सामने आए थे। डॉ. पांडा ने कहा कि राज्यों में विधानसभा चुनाव और कोविड सतर्कता नियमों का उल्लंघन दूसरी लहर की बड़ी वजह बना था। इस बार भी लोगों का बेपरवाह होना, अनियंत्रित भीड़ और टीकाकरण पूरा होने से पहले सब कुछ खोलने की आजादी तीसरी लहर के मुख्य कारण बन सकते हैं। इससे पहले कोरोना टीके पर बनी पैनल के प्रमुख डॉ. वीके पॉल ने भी कहा था कि देश के लिए आगामी 100 से 125 दिन सबसे कठिन हैं, क्योंकि इन्हीं दिनों में टीकाकरण को 50 से 60 फीसदी पार ले जाना है और इसी अवधि में नई लहर को फैलने से रोकना भी है।

### नई लहर की आहट, कुछ ऐसे बढ़ रही रफ्तार

13 जुलाई को देश में कोरोना के 31,443 मामले सामने आए थे, जबकि 14 जुलाई को यह 38,792 हो गई। 15 जुलाई को 41,806, 16 जुलाई को 38,949, 17 जुलाई को 38,079 और 18 जुलाई को फिर से 41 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। डॉ. पांडा का मानना है कि जनता का साथ न मिलने की वजह से कोरोना का ग्राफ बीच में ही ठहर सा गया है। उतार-चढ़ाव भरी इस स्थिति ने देश को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया,

## क्विक अपडेट



### जाबिर ने जय बनकर युवती को फंसाया


**इंदौर।** नयापुरा निवासी 30 वर्षीय युवती की शिकायत पर एमजी रोड थाना पुलिस ने जाबिर फारुखी के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपित 10 साल से दैहिक शोषण कर रहा था। उसने जय नाम बताकर दोस्ती की थी। पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। उस पर मतांतरण का दबाव बना रहा था। जब मुलाकात हुई थी। तब जाबिर ने नाम जय बताया। उसके हाथ में कड़ा व रक्षासूत्र भी बंधे थे। उसने युवती से दोस्ती कर ली और जूना रिसाला स्थित कंपनी में नौकरी लगवाने का प्रलोभन देकर नजदीकी बढ़ा ली। फिर शारीरिक संबंध बना लिए।

### नेतृत्व परिवर्तन पर वायरल ऑडिट क्लिप फर्जी: भाजपा

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच भाजपा में सियासी घमासान जारी है। दिल्ली से कर्नाटक लौटे मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने इस जब इस बाबात पूछा गया तो वह टाल गए। वहीं प्रदेश भाजपा प्रमुख नलिन कुमार कतील ने वायरल ऑडियो क्लिप को फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के समक्ष उठाएंगे। बता दें कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कतील का एक ऑडियो क्लीप वायरल हो रहा है, जिसमें बी एस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटने की बात कही जा रही है।

### दोबारा मां बनने वालीं हैं नेहा धूपिया

**मुंबई** बॉलीवुड में इन दिनों खुशियों की बहार छाई हुई है। जहां एक तरफ कुछ सेलेब्स शादी के बंधन में बंध रहे हैं तो वहीं कई सेलेब्स नए नए माता पिता बने हैं। कुछ ऐसी ही खुशियां बहुत जल्द बॉलीवुड स्टार्स अंगद बेदी और नेहा धूपिया के घर आने वाली हैं। दरअसल नेहा दूसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर फैंस को इसकी जानकारी दी। नेहा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है जिसमें उनका बेबी बंप दिख रहा है।



## संसद के मानसून सत्र में हंगामे के बीच सदन में बोले पीएम मोदी

# दलितों, पिछड़ों को मंत्री नहीं देखना चाहता विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन विपक्ष ने हंगामा किया। दरअसल, पंरपरा के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनियुक्त सदस्यों और मंत्रियों से सदन का परिचय करवाना चाहते थे, लेकिन जैसे ही पीएम मोदी ने बोलना शुरू किया, विपक्ष सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि मेरे अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के साथी मंत्री बनकर आए हैं, यह कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। किसान परिवार और गांव से आने वाले सांसद मंत्री बने हैं, यह कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। वहीं, सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, विपक्षी दल तीखे सवाल पूछे, लेकिन सरकार का जवाब सुनने के लिए भी तैयार रहे। सरकार कोरोना और टीकाकरण पर सार्थक चर्चा के लिए तैयार है। कोई कमियां रह गई हैं तो उन्हें भी दूर करने का प्रयास हो। बता दें, कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंका के साथ ही पेट्रोल और डीजल के दामों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बीच शुरू हो रहे इस सत्र का पहला दिन हंगामेदारकी उम्मीद पहले ही थी। किसान आंदोलन और कृषि बिल का मुद्दा भी उठ वैसे सरकार ने कहा है कि वह सभी मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार है। सरकार की



कोशिश है कि 13 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र के दौरान 20 बिल पारित करवाए जाए। वहीं प्रदर्शनकारी किसान भी अपनी तैयारी में जुटे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक संसद का यह सत्र चलेगा, तब तक वे जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन देंगे। पीएम मोदी के संबोधन के दौरान हंगामे को लोकसभा स्पीकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गलत बताया। इसके बाद सदन की कार्रवाई 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से शांत होने और मंत्रियों का परिचय होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि परंपराओं को न तोड़ें। आप लंबे समय तक शासन में रहे हैं। आप परंपरा को तोड़कर सदन की गरिमा को कम नहीं करें। इस सदन की गरिमा को बनाए रखें। प्रधानमंत्री जी सदन के नेता हैं।

### वैक्सीन लगवा कर 40 करोड़ से ज्यादा लोग बन गए बाहुबली, आप भी बनें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मानसून सत्र में हिस्सा लेने के लिए सोमवार सुबह संसद पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने पत्रकारों से कोरोना महामारी, वैक्सीन और संसद सत्र को लेकर बात की। पीएम ने कहा कि टीका बाहु (बांह) में लगाया जाता है, जो इसे लेता है वह बाहुबली बन जाता है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 40 करोड़ से ज्यादा लोग बाहुबली बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप भी वैक्सीन लगवा कर बाहुबली बनें। साथ ही कहा कि कोरोना काल में सदन सार्थक चर्चा के लिए समर्पित हो।




### खूंखार आतंकी अबू अकरम का खात्मा

**श्रीनगर।** शोपियां में चक सादिक खान इलाके में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। साल 2017 से दक्षिणी कश्मीर समेत घाटी में आतंकी हमलों और हत्याओं को अंजाम देने वाला खूंखार आतंकी एवं लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर इशफाक डार उर्फ अबू अकरम मार गिराया गया है। चार साल से अकरम कश्मीर घाटी में सक्रिय था। अबू अकरम के साथ ही इस मुठभेड़ में एक और आतंकी मारा गया है। मारे गए आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल और आठ मैग्जीन मिली हैं। इस ऑपरेशन को सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया है। जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस(एसओजी), सीआरपीएफ और सेना शामिल है। प्रदेश के पुलिस मुखिया ने कहा कि रात भर चले अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकवादी कमांडर इशफाक डार के साथ एक अन्य आतंकवादी माजिद इकबाल का सफाया हुआ है। अबू अकरम पुलिस कर्मियों और नागरिकों पर हमलों एवं हत्या सहित कई आतंकी अपराधों के मामलों के लिए जिम्मेदार था।

## अगस्त से सस्ता हो सकता है पेट्रोल तेल के उत्पादन पर बन रहा प्लान

**नई दिल्ली।** महंगाई के दौर में आम जनता को थोड़ी राहत मिली है। जल्द ही पेट्रोल-डीजल की कीमत कम हो सकती है। ओपेक समूह के साथ हुई बैठक के बाद पेट्रोल सस्ता हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ओपेक और संबद्ध देशों के बीच एक पूर्ण सहमति बनी जिसके तहत पांच ओपेक/गैर ओपेक देश कच्चे तेल का उत्पादन अगस्त से बढ़ाएंगे। इससे पहले इन देशों के बीच विवाद से तेल की कीमतें प्रभावित हुई थीं। तेल उत्पादक एवं निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उसके साथी उत्पादक देशों की ऑनलाइन बैठक के बाद रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इराक, कुवैत, रूस, सऊदी अरब और यूएई के तेल उत्पादन की सीमा बढ़ेगी। रूस ओपक का सहयोगी है। ओपेक देशों ने कहा कि अगस्त से उसके उत्पादन में हर माह दैनिक 4,00,000 बैरल की बढ़ोतरी की जाएगी और इस तरह इस समय लागू 58 लाख बैरल/दैनिक की कटौती धीरे-धीरे 2022 के अंत तक समाप्त हो जाएगी। ऑनलाइन बैठक के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यएई) के ऊर्जा मंत्री सुहैल-अल-मजरूई ने पत्रकारों को एक (पूण सहमति) बनने की जानकारी दी थी। हालांकि, उन्होंने तत्काल इसका ब्योरा नहीं दिया था। लेकिन सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री शहजादा अब्दुलअजीज बिन सलमान ने यह जरूर कहा कि समूह के बीच उत्पादन सीमा को लेकर समायोजन होगा। बाद में ओपेक के बयान में पांच देशों का उत्पादन स्तर बढ़ाने पर सहमति की जानकारी दी गई।





### बिकरीद पर छूट के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उन सभी आयोजनों को रद्द किया जा रहा है जहां भीड़ जुटती है। यूपी, उत्तराखंड में कांवड़ा यात्रा को रद्द करने का फैसला हुआ, लेकिन केरल सरकार ने बकरीद बनाने के लिए कोरोना नियमों में भारी छूट दे दी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। खासतौर पर इंडियम मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने इस पर आपत्ति जताई है

## पंजाब में कैप्टन वर्सेस क्रिकेटर मैच जारी

# कैप्टन से मिलने फार्म हाउस पहुंचे सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिद्धू सोमवार को कैप्टन अमरिंदर सिंह से मिलने सिसवां में उनके फार्म हाउस पर पहुंच रहे हैं। वे पटियाला से रवाना हो चुके हैं। उनके साथ कई मंत्री और विधायक भी होंगे। माना जा रहा है कि सिद्धू नाराज कैप्टन को मनाने आ रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि सार्वजनिक तौर पर सिद्धू से माफी की मांग कर चुके कैप्टन मानते हैं या नहीं। कांग्रेस हाईकमान ने जिस तरह कैप्टन को अनदेखा करते हुए नवजोत सिद्धू को प्रधान नियुक्त करने का एलान किया है, वह कैप्टन को बहुत नागवार गुजरा है। कैप्टन ने हाईकमान के फैसले का सम्मान करते हुए सिद्धू को प्रधान बनाने पर सहमति जता दी थी और एक मामूली शर्त यही रखी थी कि सिद्धू उन पर की गई अभद्र टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें, तभी वे सिद्धू से बात करेंगे। कैप्टन और सिद्धू के कद का अंतर समझें तो यह शर्त बहुत बड़ी नहीं थी, लेकिन हाईकमान ने कैप्टन को बहुत ही हल्के में ले लिया। अब उन्हें सिद्धू किसी भी कीमत पर प्रधान के रूप में मंजूर नहीं है और हाईकमान के अपने प्रति इस बर्ताव को कैप्टन ने अपमान के रूप में लिया है।



### हादसे में 7 बारातियों की मौत



**मुरादाबाद।** आगरा हाईवे पर रविवार देर रात डेढ़ बजे के आसपास हुए भीषण हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। दस से ज्यादा लोग घायल हैं। सभी हताहत बरात की बस में सवार थे। आगरा हाईवे पर मझावली के पास से गुजरते समय बरात की बस का टायर पंक्चर हो गया। चालक और हेल्पर नीचे उतर कर टायर बदलने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच पीछे से आई एक निजी बस बरात की बस के पिछले हिस्से में जा घुसी। इससे बस में सवार बारातियों में चीख-पुकार मच गई।

## फोन जासूसी पर, सरकार ने कहा - बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** इस्राइल के पिगासस सॉफ्टवेयर से देश के करीब 300 वेरिफाइड मोबाइल नंबरों की जासूसी होने की रिपोर्ट सामने आई है। इनमें सरकार में शामिल मंत्रियों, नामचीन नेताओं, बड़े पत्रकारों के अलावा अधिवक्ताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के नाम शामिल होने का दावा किया गया। यह रिपोर्ट द गार्जियन और वाशिंगटन पोस्ट समेत 16 मीडिया संस्थानों की एक संयुक्त जांच के बाद सामने आई है। हालांकि, पिगासस सॉफ्टवेयर बेचने वाली कंपनी एनएसओ ने इन दावों का खंडन किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस हैकिंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल सिर्फ अपराधियों और आतंकवादियों के खिलाफ किया जाता है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी इन दावों को खारिज कर दिया। सरकार की तरफ से कहा गया कि देश में किसी का भी फोन गैरकानूनी रूप से हैक नहीं किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी चिट्ठी में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों पर तयशुदा कानूनी प्रक्रिया का पालन होता है। गौरतलब है कि इस रिपोर्ट में पिगासस सॉफ्टवेयर का लगातार और बड़े स्तर पर दुरुपयोग होने का दावा किया गया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हैकिंग सॉफ्टवेयर से दुनिया भर में कई सरकारों ने जासूसी कराई, जिनमें 300 से अधिक वेरिफाइड भारतीय मोबाइल नंबर शामिल हैं। इन फोन नंबरों का इस्तेमाल, मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों, पत्रकारों, वैज्ञानिकों, विपक्षी नेताओं, व्यापारियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं समेत अन्य कर रहे थे।



### चंडीगढ़- मनाली एनएच का संपर्क पूरी तरह से कटा, जिले की 50 सड़कें बंद



**देहरादून।** मंडी में रविवार देर रात से मूसलाधार बारिश के कारण सामरिक महत्व वाले चंडीगढ़ मनाली एनएच का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। सात मील के पास भारी भूस्खलन से मार्ग बंद पड़ा है। पहाड़ियों से गिर रहे मलबे की चपेट में आने से एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं वैकल्पिक कमांद बजौर मार्ग भी ठप है। बारिश के कहर से जिलेभर में पचास के करीब मार्ग बंद हैं। सरकाघाट-धर्मपुर एनएच पर भी पहिए थम गए हैं। वहीं, भारी बारिश से नदी नाले भी उफान पर हैं। प्रशासन ने नदी नालों के किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की हिदायत दी है।






# केन्द्रीय मंत्री है बेटा, फिर भी खेतों में मजदूरी करते मां-बाप

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। इसमें कई नए चेहरों को शामिल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष एल मुरुगन को भी राज्यमंत्री बनाया गया है। 44 वर्षीय के मुरुगन ने लंबे संघर्ष के बाद दिल्ली तक का सफर तय किया है। इस वक्त उनके माता-पिता की सादगी की चर्चा में है। केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के माता-पिता राजनीति की चकाचौंध से दूर तमिलनाडु के नामक्कल जिले के कोन्नूर गांव में मजदूरी करते हैं। मुरुगन के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद जब मीडिया उनके घर पहुंची तो उनके माता-पिता से दिल्ली से करीब 2500 किलोमीटर दूर नमाक्कल के कोन्नूर गांव में काम कर रहे थे। कड़ी धूप में 59 वर्षीय मां एल वरुदम्मल एक खेत से खर-पतवार निकाल रही हैं। लाल साड़ी, चोली के ऊपर सफेद शर्ट पहने और सिर पर लाल गमछा लपेटे वरुदम्मल की सूरत गांव में रहने वाली किसी भी आम महिला जैसी है। पास के ही एक खेत में 68 साल के पिता लोगनाथन जमीन समतल करने में लगे हैं। दोनों को देखकर यह अंदाजा बिल्कुल नहीं होगा कि वे एक केंद्रीय मंत्री के माता-पिता हैं। मीडिया को इन दोनों से



सादगी की मिसाल

बात करने के लिए खेत के मालिक से इजाजत लेनी पड़ी। बेटा एल मुरुगन मोदी सरकार में राज्यमंत्री बना है, लेकिन मां-बाप अब भी खेतों में पसीना बहा रहे हैं। दरअसल, एल मुरुगन दलित हैं और वो अरुणथातियार समुदाय से आते हैं। गांव में उनका छोटा सा घर है। माता-पिता को जब भी काम मिलता है, वो कर लेते हैं। कभी खेतों में मजदूरी, तो भी बोझ ढोने का काम। जब पड़ोसियों से बेटे के मंत्री बनने की खबर मिली, तब भी दोनों खेत में काम कर रहे थे। बेटे के मंत्री बनने की खबर सुनने के बाद भी दोनों रुके नहीं लगातार काम करते रहे। मां-बाप को अपने बेटे की कामयाबी पर गर्व तो है, लेकिन दोनों को अपने बेटे से अलग जिंदगी पसंद है, पसीना बहाकर कमाई रोटी खाना अच्छा लगता है। केंद्रीय मंत्री मुरुगन के पिता ने बताया कि उनका बेटा पढ़ाई में बहुत अच्छा था। शुरुआत में सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। फिर बाद में मुरुगन ने चेन्नई के आंबेडकर लॉ कालेज से कानून की पढ़ाई की। पिता को बेटे की पढ़ाई के लिए दोस्तों में पैसे उधार लेने पड़े थे। मुरुगन ने भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष बनने के बाद चेन्नई में अपने माता-पिता को साथ रहने के लिए बुलाया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वे लौट गए। मुरुगन की मां ने कहा, हमलोग कभी-कभी तीन-चार दिनों के लिए चेन्नई जाते थे, लेकिन उसकी व्यस्तता में हम फिट नहीं हो पाए।हमलोग फिर से अपने गांव कोन्नूर आए।

# अब वैक्सीनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

## जबलपुर के 41 सेंटर्स पर कोवीशील्ड के दोनों डोज

**जबलपुर,यशभारत। जिस तरह से कोरोना बैक्सीन लगवाने के लिए युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में जागरुकता बढ़ी है। वैक्सीन सेंटरों में कतारें लग रही हैं उसके हिसाब से पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की उपलब्धि न होने से लोग परेशान हैं। जिंदगी के इस महाअभियान में यह सबसे बड़ी रुकावट है जिसे देखते हुए अब वैक्सीनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है।**




रजिस्ट्रेशन के बाद ही सेंटर्स पर जाएं। आज जबलपुर में सिर्फ शहरी क्षेत्रों में वैक्सीनेशन हो रहा है शहरी क्षेत्र में 41 सेंटर्स बनाए गए हैं। जहां कोवीशील्ड के 14 हजार डोज लगाए जाएंगे। इस बाद वैक्सीनेशन में बदलाव किया गया है। डिमांड अधिक और वैक्सीन की कमी के चलते ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। कोविन एप पर सभी सेंटर्स के डिटेल अपलोड कर दी गई है। बड़ी संख्या में लोग स्लॉट भी बुक करा चुके हैं। प्रदेश को पहले 20 से 22 लाख डोज रोज प्राप्त हो रही थी। अब घटकर ये संख्या तीन-चार लाख रह गई है। यही कारण है, भोपाल से जिलों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शत्रुघन दाहिया के मुताबिक जबलपुर को कोवीशील्ड के 14 हजार डोज मिले हैं। इसे देखते हुए ही वैक्सीनेशन सेंटर्स पर मोबाइल पर आए स्लॉट बुकिंग के मैसेज दिखाने के बाद ही वैक्सीन लगेगी।

### कोविन एप पर ऐसे करें रजिस्ट्रेशन

कोविन पोर्टल पर कोई एक पहचान का दस्तावेज अपलोड करने के बाद सेंटर्स का नाम, समय अपलोड करना होगा। इसके अलावा अपना नाम, एड्रेस व मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। वैक्सीन के पहले या दूसरे डोज का विकल्प चुनना होगा। सारी जानकारी प्रविष्ट करने पर आपके रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज आएगा। इस मैसेज को दिखाकर वैक्सीन लगवा सकेंगे। शाम 4 बजे के बाद यदि किसी सेंटर्स पर वैक्सीन बचती है, तो ऑन द स्पॉट

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वालों को ही मौका

भी टीका लगाया जाएगा।जबलपुर में 16 जनवरी से वैक्सीनेशन शुरू हुआ था। अभी तक 10 लाख 19 हजार को पहला डोज लग चुका है। वहीं 2 लाख 24 हजार 801लोग दोनों वैक्सीन लगवा चुके हैं। जिले में 18 प्लस की जनसंख्या लगभग 22 लाख है।

### में ये आ रही परेशानी

हेल्थ विभाग के कर्मचारियों की गलत ऑनलाइन फीडिंग के चलते कई लोगों के पास गलत मैसेज पहुंच गए। बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है, जो वैक्सीन लगवा चुके हैं, लेकिन उनके मोबाइल पर मैसेज ही नहीं आया। पहला डोज लगवाने वालों को दूसरे डोज के रूप में कम्पलीट वैक्सीनेशन का मैसेज पहुंच गया। वैक्सीनेशन लगवाया 16 तारीख को तो मैसेज में दर्शाया 24 की तारीख। डबल डोज का मैसेज आ चुका है तो उसे दूसरा डोज लगवाने के लिए अपना नया मोबाइल नंबर देना होगा। वैक्सीन की कमी के चलते लोग दूसरा डोज नहीं लगवा पा रहे हैं। आलम ये है कि कभी कोवीशील्ड लगाई जा रही है, तो कभी कोवैक्सिन मिलती है।

## जबलपुर एसपी का अनुरोध





# कोरोना गाइड लाइन और प्रोटोकाल के तहत मनाए सभी त्यौहार

**जबलपुर, यशभारत।** किसी धर्म का त्यौहार हो, सभी वर्ग अपने-अपने त्यौहारों को कोरोना गाइड लाइन और प्रोटोकाल के तहत ही मनाए। यह अपील पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने नागरिकों से की है।पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आने वाले दिनों में ईद-उल-जुहा, गुरूपूर्णिमा पर्व एवं श्रावण माह में निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा एवं झण्डा जुलूस सहित सभी त्योहारों को सम्बंधित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नगर निगम/नगर पालिका, एवं एमपीईबी के अधिकारियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक लेते हुये शासन द्वारा जारी निदेशों को, अवगत कराया। कोरोना गाईड लाईन एवं प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराते हुये त्योहार मनाये जाने के सम्बंध में आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) रोहित काशवानी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल प्रसाद खाण्डेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवेश सिंह बघेल, के मार्ग निर्देशन में समस्त नगर पुलिस अधीक्षक/एसडीओपी एवं उपु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के द्वारा अपने अपने अनुभाग में थाना प्रभारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक लेते हुये, त्योहारों को मनाये जाने के सम्बंध में सभी को शासन द्वारा जारी निदेशों के सम्बंध में बताते हुये निदेशों के तहत त्योहार मनाये जाने के सम्बंध में अनुरोध किया गया है।

## नए इलेक्ट्रिसिटी बिल का विरोध

# आज शाम दो घंटे का होगा प्रदर्शन

जबलपुर। इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 के माध्यम से बिजली की वितरण व्यवस्था निजी हाथों में सौंपे जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। आज 19 जुलाई की शाम 4 से 6 बजे दो घंटे देश भर में बिजली कर्मी प्रदर्शन करेंगे। अभी ये कानून मानसून सत्र में लाया जाना है। पर बिजली कर्मचारियों का दावा है कि ये बिल पूरी तरह से निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने और गरीब और सामान्य बिजली उपभोक्ताओं पर कुठाराघात होगा। देश भर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर इसके विरोध में लामबंद होकर प्रदर्शन और हड़ताल की रूपरेखा तय की है। सोमवार 19 जुलाई से वे इसकी शुरूआत कर रहे हैं। 10 अगस्त को पूरे देश में हड़ताल पर रहेंगे।मप्र सहित देश भर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर सोमवार 19 जुलाई को शाम 4 से 6 बजे तक दो घंटे का विरोध प्रदर्शन करेंगे। बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्पलॉईस एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) की अगुवाई में देश भर के 15 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं।मप्र यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इंप्लाईज एवं इंजीनियर संघ के वीके परिहार ने बताया कि केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 संसद में रखने और पारित करने का एलान किया है। इसी के विरोध में बिजली कर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है। केंद्र सरकार बिजली कानून में बड़ा बदलाव करने वाली है। जबकि इसे पहले संसद की बिजली मामलों की स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। कमेटी के सामने बिजली कर्मियों को भी अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए।निजी कम्पनियां केवल मुनाफे वाले औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को ही बिजली देंगी। इससे सरकारी बिजली कंपनी की वित्तीय हालत और खराब हो जाएगी। नए बिल के जरिए सरकार बिजली वितरण का निजीकरण करने जा रही है, जो किसानों और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं के हित में नहीं है।

**वितरण व्यवस्था निजी हाथों में सौंपने की तैयारी**

## कल से चातुर्मास

# भगवान शिव करेंगे सृष्टि का संचालन

जबलपुर। हिंदू धर्म में चातुर्मास का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि का निर्माण ब्रम्हा जी ने किया और संचालन विष्णु करते हैं और संहार शिव जी करते हैं। हालांकि चातुर्मास के दौरान विष्णु जी और अन्य देवता निद्रा में चले जाते हैं, जबकि शिव जी सृष्टि का संचालन करते हैं। इस साल चातुर्मास की शुरुआत 20 जुलाई, मंगलवार के दिन से हो रही है। देवशयनी एकादशी से शुरू होने वाला चातुर्मास 14 नवंबर, रविवार के दिन समाप्त होगा। चातुर्मास का अर्थ है चार महीने। ये चार महीने होते हैं श्रावण, भाद्रपद, अश्विन और कार्तिक। अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी से चातुर्मास की शुरुआत होती है और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन यह समाप्त होता है।



### क्यों खास है चातुर्मास

चातुर्मास के दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। वहीं भगवान विष्णु समेत सभी देवता गण श्रावण, भाद्रपद, अश्विन और कार्तिक माह तक विश्राम करने पाताल लोक चले जाते है। इस दौरान शिव जी सक्रिय मुद्रा में रहते हैं और उनका पूजन विधि पूर्वक करने से जातक को विशेष लाभ होता है। साथ ही आषाढ़ माह की देवशयनी एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवोत्थान एकादशी तक मांगलिक नहीं किए जाते हैं। इस दौरान विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश समेत अन्य मांगलिक कार्य वर्जित हैं। यह समय साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस दौरान भागवत कथा का पाठ कर दान, पुण्य करते रहना चाहिए।

## श्रवण धर्म सर्वोच्च भक्ति है ब्रह्मचारी इंदु भवानंद

जबलपुर। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर च्श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में द्वितीय दिवस व्याख्या करतेव्यासपीठ से ब्रह्मचारी डॉ इन्दुभवानन्द जी महाराज ने बताया कि भगवान् के चरित्रों को श्रवण करना ही सर्वोच्च भक्ति है, धुन्धकारी ने कथा श्रवण कर भगवत् स्वरूप को प्राप्त किया ।ज्भगवान् की कथा दोषों को समाप्त करती है ।ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी ने बतलाया मन वचन कर्म से प्रभु के चरणों में समर्पण भाव से कथा श्रवण करना चाहिए ।आत्मदेव का भगवत् चरणों में प्रेम का माध्यम गोकर्ण बने अतः श्री मद्भागवत को श्रवण करने के लिए परीक्षित को माध्यम श्री शुकदेव जी ने बनाया जिस कारण से आज कलयुग में हम सबको श्री मद्भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।अतः श्री मद्भागवत पुराण तिलक है ।वैष्णवों का परम धन है ।सत्य स्वरूप परमात्मा भगवान् का साक्षात् स्वरूप है । भारत सिंह यादव बी के पटेल पद्मा मैनन मधु यादव मनोज सेन यजमान बालकृष्ण नेता पटेल नंदकिशोर बंदना ठाकुर राजेश राधा शुक्लानंद किशोर ठाकुर नर्मदाप्रसाद शर्मा श्रीमती राधा शुक्ला श्रीमती नीता पटेलश्याम चौहत श्रीमती राधा शुक्ला श्रीमती प्रीति अग्रवाल श्रीमती रानू गुप्ता बृजेश दुबे प्रकाश द्विवेदी आदि उपस्थित थे



# शासकीय स्कूलों में आठवीं कक्षा तक रेडियो के जरिए पढ़ाई

**जबलपुर।** प्रदेश में शासकीय स्कूलों का शिक्षण सत्र 15 जून से प्रारंभ हो गया था, लेकिन ऑनलाइन कक्षाएं दूरदर्शन और रेडियो के माध्यम से शुरू नहीं हो पाई थीं। अब सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों की पढ़ाई सोमवार से रेडियो के माध्यम से शुरू की गई। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से हमारा घर, हमारा विद्यालयज् के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण प्रतिदिन 9:30 से 10:30 बजे तक (एक घंटे की समयावधि) में प्रदेश स्थित आकाशवाणी के माध्यम से सभी प्राथमिक प्रसारण केंद्रों पर किया गया जो 14 अगस्त तक चलेगा।
वहीं शासकीय स्कूलों में नौवीं से बारहवीं के बच्चों के लिए दूरदर्शन के माध्यम से एक जुलाई से प्रसारण शुरू किया गया। प्रदेश के 15 लाख बच्चों की पढ़ाई दूरदर्शन के माध्यम से चल रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की गत 15 जून से क्लास शुरू करने का शेड्यूल तय किया था, लेकिन दूरदर्शन की शर्त के कारण यह टालना पड़ा। अब लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) द्वारा बीआरडी (ब्लू रेड डिस्क) में प्रत्येक एपिसोड उपलब्ध करवाए जा रहे है। बीआरडी में सुविधा देने पर दूरदर्शन द्वारा एक जुलाई से नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं का प्रसारण शुरू किया गया है। वहीं, ऐसे विद्यार्थी जिनके पास टीवी की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए पंचायत भवन में व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी शिक्षकों को क्लास के विद्यार्थियों को वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए हैं। इस ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थी शिक्षकों से पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्या का समाधान प्राप्त सकते हैं।




### दूरदर्शन के प्रसारण का समय

दूरदर्शन पर बारहवीं के विद्यार्थियों की क्लास सुबह 8 से 9 बजे तक, 11वीं की क्लास सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक, 10वीं की क्लास सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक व नौवीं की क्लास दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक रखी गई है।




## रोटरी है फेलोशिप

# रोटरी है सेवा

**जबलपुर ।रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा बहुत ही पारिवारिक माहौल में प्रकृति की सबसे अनुपम देन मां नर्मदा की गोद में बने मेकल रिसॉर्ट में रोटरी क्लब के नए मेंबर्स का प्रवेश कराया गया ।साथ ही वर्ष 2021 एवं 2022 की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई ।**

कोरोना काल में आई नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उसकी तैयारियों पर चर्चा की गई ।बरगी डैम स्थित क्रूज़ में यह सारे आयोजन भव्य रूप में संपूर्ण किए गए । क्लब के अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी ने सदस्यों को के दायित्वों के विषय में बताते हुए रोटरी के सूत्र वाक्य सेवा से बदले जीवन की व्याख्या करते हुए संपूर्ण वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत की अध्यक्ष ने बताया कि रोटरी हमेशा से ही नए क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण कार्य करने में अग्रणी रहा है ।इस अवसर अध्यक्ष मनु शरत् तिवारी, डॉक्टर जतिन धीरावनी, नितिन पालीवाल, लक्की तिवारी, डॉक्टर कहकशा तकी रजा, डॉक्टर मेहमूदा रजा, डॉक्टर ऋचा धीरावणी, डॉक्टर नेहा तिवारी, रोजी सिंह, गीता शरत् तिवारी, ज्योति जैन, रचना त्रिवेदी, ऋचा त्रिवेदी, पूजा कार्तिक,शिल्पा जैन, मिताली बैनर्जी, मधु स्थापक, हनिंदर मैनी, शिखा हांडा, पिंकी भाटिया, ज्योति चड्डा, रुचि पालीवाल, मनीषा श्रीवास्तव, सरला धर, सुषमा बजाज, सुखवर्षा सहगल, उपस्थित रहे ।





# मंत्रियों ने की दुर्गेश के सेवा कार्यों की सराहना

जबलपुर। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग और उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का रविवार को जबलपुर आगमन हुआ. इस दौरान नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. मंत्री द्वय ने अपने नगर प्रवास के दौरान भाजपा पदाधिकारियों से मिले. उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की और उनका मार्गदर्शन किया. मंत्रीगण ने विशेष रुप से जहां जीएस ठाकुर के कुशल नेतृत्व की सराहना की, तो वही लॉकडाउन में भाजपा नेता दुर्गेश शाह टिंकल द्वारा किए गए सेवा कार्यों को सराहा. उन्होंने पूर्व एमआईसी सदस्य कमलेश अग्रवाल से नगरी निकाय चुनाव के संबंध में चर्चा की, वहीं कमलेश ने उन्हें नगर निगम से जुड़ी आमजनता की समस्याओं से अवगत कराया. गौरतलब है कि मंत्री विश्वास सारंग के कमलेश से घनिष्ठ संबंध है. बताया जाता है कि श्री सारंग उन्हें अपना छोटा भाई मानते हैं. इस दौरान रजनीश यादव, जय सचदेव, दुर्गेश शाह ट्विंकल, रंजीत पटेल, कैलाश साहू, सोनू वर्मा, प्राणित वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# समूह बीमा कटौती राशि बढ़ाने की मांग

## सातवें वेतनमान के अनुरूप हो बीमा कटौती

**जबलपुर** ।मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष्ठ ने बताया की पिछले 19 वर्षों से राज्य कर्मचारियों/अधिकारियों की समूह बीमा योजना अंतर्गत वेतन से जो राशि काटी जा रही है वो इस प्रकार है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का 100 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का 200 द्वितीय श्रेणी अधिकारी 400 एवं प्रथम श्रेणी अधिकारियों का 600 7 जबकि पिछले 19 वर्षों में कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन लभगभ चार गुना हो गया है किन्तु बीमा राशि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। राज्य कर्मचारियो/अधिकारियों को 2016 से सातवां वेतनमान दिया जा रहा है किन्तु समूह बीमा राशि पूर्ववतः वेतनमान से काटी जा रही है। ऐसी स्थिति में यदि सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित परिवार को मात्र 2.5 लाख बीमा राशि ही मिल पाती है जो मंहगाई को देखते हुए बहुत कम है।संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रणव साहू, सुदेश पाण्डे, मनीष लोहिया, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, प्रियांशु शुक्ला, संतोष तिवारी, अभिषेक मिश्रा, देवदत्त शुक्ला, सोनल दुबे, आन्नद रैकवार, विनय नामदेव, पवन ताम्रकार आदि ने मुख्य सचिव म.प्र.शासन से मांग की है कि अध्यापक सवंर्ग के लोक सेवकों सहित सभी तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की समूह बीमा योजना अंतर्गत काटी जानी वाली राशि सातवें वेतनमान के अनुरूप रू 500 प्रतिमाह की जावे।

# ब्राह्मण समाज द्वारा रोपे गए पौधे

**जबलपुर।** सुखदु:ख परिवार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सरकारी अस्पताल) मनमोहन नगर में 101 पौधे रोपे जाने के क्रम में जबलपुर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमे आज ब्राह्मण समाज के सम्माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में 5 पौधे रोपे गए। साथ ही समाज के लोगों द्वारा अस्पताल में विजिट कर सामाजिक स्तर पर यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया एवं सुख दुख परिवार द्वारा लगातार किये जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर योगेंद्र दुबे , रमेश मिश्रा, डॉ दुबे ,अभिषेक मिश्रा, अमित तिवारी, डॉ एचपी तिवारी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, अजय तिवारी, आशुतोष तिवारी, गोविंद बिल्थरे, आरके परोहा, सुधीर तिवारी, राकेश उपाध्याय, विष्णु पांडे ,श्याम तिवारी,राकेश दुबे,अलोक दुबे,गणेश जी,विशाल दुबे,प्रशांत शुक्ला, आशीष शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, सोनल दुबे,देवदत्त शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, केशव शुक्ला, अजय तिवारी,गौरव शार्मा,अतुल पाठक, विवेक तिवारी,जितेंद जी ,अनिल दुबे,रोहित जी,सुरेश जी मनीष जी, संतोष जी,राकेश जी,के साथ साथ सुखदु:ख परिवार के इंद्रेश दुबे, भोलेशंकर सोनी, मनीष विश्वकर्मा, दीपक दुबे,जितेन्द्र बबेले,श्वेता राम गोटियां, सुमन सैनी, संतोष बमबम, शैलेन्द्र मिश्रा, सौरभ दुबे उपस्थित रहे।*



# गांव से प्रदेश तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं- दिग्विजय

**जबलपुर,यशभारत।** खेल विभाग व खेल संघों के साथ समन्वय स्थापित कर गावों से लेकर प्रदेश स्तर तक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। इसके लिए एक समिति भी गठित की जाएगी जो विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान खेल संघों के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेगी। पिछले दो तीन वर्षों से प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खेल में अपने झन्नाटेदार प्रदर्शन से पदकों का अंबार लगा दिया है।यह सराहनीय है। यह बात होटल गुलजार में पत्रकारों से चर्चा में मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ केअध्यक्ष रमेश मेंदोला और सचिव दिग्विजय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अब स्टेट ओलिंपिक गेम्स आयोजित कराए जाने की मंशा है। इसके लिए राज्य सरकार एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया से चर्चा की जाएगी और यदि कोरोना का प्रभाव नहीं रहा तो शीघ्र ही इन गेम्स का आयोजन करने की कोशिश होगी। दिग्विजय सिंह ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग और खेल संघों के बीच भी सामंजस्य स्थापित कर प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान आने वाली दिक्कतों को दूर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश ओलिंपिक एसोसिएशन की एनुअल जनरल मीटिंग में रविवार को अगले चार वर्ष के लिए 29 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। कार्यकारिणी में तीन नए सदस्य शामिल हुए हैं। सर्वसम्मति से इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ के चौथी बार अध्यक्ष चुने गए, वहीं जबलपुर के दिग्विजय सिंह तीसरी बार सचिव बने। ओलिंपिक संघ के विभिन्न पदों के लिए यह घोषणा महज औपचारिकता थी। पूरी 29 सदस्यीय कार्यकारिणी 13 जुलाई को ही तय हो चुकी थी। इसमें तीन नए चेहरे शामिल हुए हैं, जिसमें संयुक्त सचिवों में ओपी अवस्थी (गोल्फ), संजय यादव (खो-खो) और राजेश चौबे (स्वीमिंग) को शामिल किया गया है। प्रवीण अनावकर और अमिताभ जैन बाहर किए गए हैं। इस बार प्रवीण और अमिताभ ने अपनी दावेदारी ही नहीं जताई थी, जबकि श्रीकृष्ण लक्कड़ का कोरोना से निधन हो गया है।



### यह है नई कार्यकारिणी

अध्यक्ष-रमेश मेंदोला
उपाध्यक्ष-प्रशांत सिंह (साइकिलिंग), वीडी शर्मा (डीओए भोपाल), अनिल धूपर(टेनिस), ओम सोनी (टेबिल टेनिस) व विजय पाल सिंह (स्वीमिंग)
सचिव- दिग्विजय सिंह (बॉक्सिंग)
कोषाध्यक्ष- जीतू जिराती, डीके विद्यार्थी, विवेक जैन, प्रशांत कुशवाहा, कुलविंदर सिंह गिल व ओपी अवस्थी

### कार्यकारिणी सदस्य

राजेश यादव, प्रतिपाल सिंह सलूजा, संजय यादव, प्रदीप लारिया, श्रीकांत तिवारी, राजेश चौधरी, चंद्रूराव शिंदे, शिशिर तिवारी, बीएस राजपत्रित व सारिका मनोज गुप्ता को चुना गया है।



# बन रहा मौसम चार- पांच दिन अच्छी बारिश के आसार

जबलपुर,यशभारत। मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। मध्यप्रदेश के मध्य से भी एक अन्य ट्रफ तमिलनाडू तक बना हुआ है। हवा का रुख भी दक्षिण-पश्चिमी हो गया है। इस वजह से मिल रही नमी से प्रदेश में बादल छाने लगे हैं। साथ ही कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने लगी हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सोमवार से तीन-चार दिन तक रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं। रविवार को जबलपुर में 8.2 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिसे कम दर्ज किया गया। साथ ही आज का न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्रीसे. रहा। मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि हवा के साथ लगातार मिल रही नमी से बादल छाने लगे हैं। सुबह की आद्रता 75 प्रतिशत आंकी गई। हवा का रुख दक्षिण पश्चिम व वेग 4 से5 किलोमीटर प्रतिघंटा रहा। एक जून से अब तक 211.3 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक सहायक देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि सोमवार-मंगलवार को जबलपुर, सागर शहडोल संभाग के जिलों में भी कहीं -कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। मानसून ट्रफ सामान्य स्थिति में आ गया है। वर्तमान में वह राजस्थान से उत्तरप्रदेश होते हुए नगालैंड तक जा रहा है। इसका एक छोर सोमवार को बंगाल की खाड़ी में पहुंच सकता है। इससे बारिश की गतिविधियां और बढ़ेंगी। उधर, 23 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में बनने जा रहे कम दबाव के क्षेत्र के असर से सोमवार से तीन-चार दिन तक प्रदेश के विभिन्ना जिलों में बरसात का सिलसिला बना रह सकता है। रविवार को जुलाई माह में पहली बार झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। इस बारिश से सूख रहे खेत-खलिहानों को पानी मिला। शहर तरबतर हो गया, वहीं बच्चों ने भी झमाझम बरसात का खूब मजा लिया। आषाढ के महीने में बारिश न होने से खेतों में खड़ी धान, मूंग, उड़द सहित अन्य फसलें सूखने लगी थी। तेज धूप के बीच उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचैन कर रखा था। रविवार को सुबह करीब पौने 11 बजे हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है वहीं फसलों को भी संजीवनी मिल गई है। विदित हो कि इस मानसूनी सीजन में जून माह से अभी तक 203 मिली मीटर यानी करीब 8 इंच ही बारिश हुई है। जबकि पिछले साल 9 इंच बारिश हो चुकी थी। बहरहाल ब्रेक का बाद ही सही लौटकर आये मानसून से एक बार फिर लोगो की उम्मीद बंध गई है। मौसम विभाग ने चार पांच दिन तक जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश में गरज चमक के साथ इसी तरह बौछारे पड़ने की संभावना जताई है।

# 24 घंटा सिंचाई के लिए बिजली दी जाए

**नहर में ज्यादा पानी छोड़ा जाए , साफ-सफाई और निरंतर निगरानी रखी जाए**



जबलपुर। मुख्यमंत्री एवं स्थाई प्रशासन जैसे कि अभी एक समय कठिन दौर चल रहा है एक तो कोरोना काल की मुसीबत से छुटकारा मिल नहीं पा रहा है। दूसरी हम किसान भाईयों को मौसम की बेरूखी से भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बारिश हो नहीं रही है किसान किसी तरह अपना धान बुवाई एवं रोपा लगा रहे है एवं अब नहर से पानी नहीं आ रहा है और प्रशासन पर्याप्त बिजली दे नहीं रही है जिसके कारण रोपा सूखने की कगार पर है एवं आने वाले समय में किसान बंधु और ग्रामीण क्षेत्र भूखमरी की कगार पर है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि तत्काल 24 घंटे बिजली देने का कष्ट करें एवं नहर का पानी यादव ज्यादा मात्रा में उपलब्ध कराए जाएं एवं नेहरू की साफ सफाई की जाए जिससे की अंतिम छोड़ते अंतिम छोर पर बैठक किसान को भी उसका लाभ मिल सके। स्वतंत्र किसान संघ ने मुख्यमंत्री से कहा कि इस कार्य में किसानों का सहयोग करेंगे। डॉ. हरिशंकर साहू स्वतंत्र किसान संघ अध्यक्ष, चौधरी प्रकाश साहू, रितेश पटेल, नीरज पटेल, चौधरी सुजीत साहू, चौधरी अशोक साहू, रोहित पटेल, नीरज पटेल आदि।



## अनियंत्रित हाईवा चौक की ग्रिल से टकराया

**जबलपुर।** दीनदयाल चौक पर देर रात एक अनियंत्रित हाईवा चौक पर लगी ग्रिल से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईवा के साथ चौक की ग्रिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में ड्राईवर को मामूली चोटें आई है जिसका उपचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि माढ़ोताल क्षेत्र में रात होते ही हाईवा की आवाजाही शुरू हो जाती है सड़के सूनसान होने के कारण इन वाहनों की गति भी तेज हो जाती है और वाहन इसी तरह दुर्घटनाग्रस्त होते है।

# 4 साल पहले क्रिकेट सट्टा में जेल गया फिर भी नहीं छोड़ा रास्ता

**भारत-श्रीलंका और पाकिस्तान-इंग्लैण्ड में पट्टी लिखते फिर पकड़ा गया**

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने राइट टाऊन में दबिश देते हुए एक युवक को क्रिकेट सटटा खिलाते हुए गिरफ्तार किया। युवक के पास तीन मोबाइल फोन और एक टीवी के साथ 7 हजार रूपए नगद जप्त किए हैं। खास बात ये है कि पकड़ गया युवक 4 पहले भी क्रिकेट सट्टा खिलाने पर जेल जा चुका है, बाबजूद ने उसने सट्टा खिलाना बंद नहीं किया। जेल से छूटते ही युवक ने फिर से क्रिकेट सट्टा खिलाना शुरू कर दिया।लार्डगंज पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत-श्रीलंका के वनडे और पाकिस्तान-इंग्लैण्ड के बीच टी-20 मैच हो रहा था। सूचना मिली कि राइट टाऊन निवासी राहुल श्रीवास्तव अपने घर में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। मौके पर दबिश दी गई तो राहुल श्रीवास्तव मोबाइल से क्रिकेट सट्टा की पट्टी ले रहा था। आरोपी के घर से 3 मोबाइल, एक टीवी 7 हजार रूपए नगद और एक रजिस्टर जप्त किया गया है।

### जप्त रजिस्टर में लाखों का हिसाब-किताब

पुलिस ने बताया कि सटोरिये राहुल श्रीवास्तव के पास से एक रजिस्टर जप्त किया गया है। जिसमें लाखों रूपए का हिसाब-किताब लिखा हुआ है। रजिस्टर में किन-किन लोगों के द्वारा सटटा खेला जा रहा था और इसके तार कहां से जुड़े इसकी जांच में पुलिस जुट गई है। साथ ही पकड़े गए आरोपी राहुल श्रीवास्तव से भी पुलिस पूछताछ करेगी।

# अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 1 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर। बरगी मेंपुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 1 युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से60 लीटर कच्ची शराब और मोटर सायकिल जप्त की। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब की तस्करी में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।**

**60 लीटर कच्ची शराब एवं मोटर सायकिल जप्त**

इसी के तहत अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक बरगी रवि चैहान के मार्ग दर्शन में थाना बरगी की टीम द्वारा शराब के साथ युवक रंगे हाथ पकड़ा गया है। थाना प्रभारी बरगी रीतेश कुमार पाण्डे ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि गौर की ओर से एक युवक मोटर सायकल में 2 प्लास्टिक जरीकेनों में कच्ची शराब लेकर बरगी नगर की ओर जा रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार बरगी डेम रोड नर्मदा ब्रिज के पास दबिस दी गयी जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक एक काले रंग की हीरो होण्डा मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 केएन 2669 से आता दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम महेन्द्र ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी एलआईसी गुप्तेश्वर रोड रतन नगर गढ़ा एवं हाल पता ग्राम देवरी बरबटी थाना बरगी बताया जिसकी मोटर सायकल मे रखी दोनों केनों को चैक करने पर 60 लीटर अवैध कच्ची शराब होना पाई गयी, उक्त शराब के संबंध मे पूछताछ करने पर उक्त शराब अलग अलग जगह से खरीदकर एकत्रित करना बताया एवं अपनी मोटर सायकल में रखकर बेचने के लिये बरगी नगर ले जाना बताया, आरोपी से 60 लीटर कच्ची शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायक जप्त करते हुये आरोपी महेन्द्र ठाकुर के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। आरोपी को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक आर.के. पाण्डे, आरक्षक रवि शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# टिकट चेकिंग में जबलपुर ने चौथी बार मारी बाजी

## महाप्रबंधक ने शील्ड देकर हौसला किया अफजाइ

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे के 66 वे वार्षिक रेल सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह में जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग को टिकिट चेकिंग में उल्लेखनीय एवं असाधारण कार्यो के लिए प्रतिष्ठित टिकिट चेकिंग की शील्ड जबलपुर मंडल को लगातार 4 थी बार सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने पर महाप्रबंधक द्वारा प्रदान की गयी है।**



टिकिट चेकिंग की इस उपलब्धि पर मंडल के टिकिट चेकिंग सहित सभी वाणिज्य विभाग में हर्ष व्याप्त है. महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल शेलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा गत दिवस यह शील्ड डी.आर.एम. संजय विश्वास, एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन को प्रदान की गयी. इस उपलब्धि पर मंडल में श्री रंजन सहित मंडल वाणिज्य प्रबंधक सर्व सुनील श्रीवास्तव,देवेश सोनी,पंकज दुबे, अखिलेश नायक तथा मुख्य चल टिकिट निरीक्षक राजेंद्र अरोरा,मनोज शर्मा, एम.एल. दिवानी सहित वाणिज्य निरीक्षको ने इस उपलब्धि पर एक दूसरे को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के वार्षिक महाप्रबंधक पुरस्कार समारोह में महाप्रबंधक श्री सिंह द्वारा कुल 25 शील्ड में से जबलपुर मंडल को साल भर के कार्य के आधार पर सर्वाधिक 11 विभागीय शील्ड एवं 03 संयुक्त शील्ड प्रदान की गयी।

## रेल डिब्बे की कटिंग कर रहे मजदूर की करंट से मौत

जबलपुर यश भारत। भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन मैं आज उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब रिजेक्ट रेल डिब्बे की कटिंग कर रहे एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन मैं रेलवे के रिजेक्ट डिब्बों को किसी ठेकेदार ने लिया था जिसको वह सुबह मजदूरों से कटिंग करवा रहा था रेल डिब्बे की कटिंग कर रहे 58 वर्षीय मुन्ना लाल अहिरवार पिता नयनसुख निवासी झांसी को ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन का जबरदस्त झटका लगा और उसकी मौत हो गई।

# रिश्तेदारी में जा रहा था युवक सड़क हादसे में मौत



**जबलपुर, यशभारत।** एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सिवनी से किसी रिश्तेदारी में वह चरगवां आया हुआ था रात में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तालाश शुरू कर दी है। चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक के मुताबिक झलोन धूमा सिवनी निवासी शंकर गोंड (28) रविवार 18 जुलाई की रात घर लौट रहा था। वह चरगवां क्षेत्र में कहीं रिश्तेदारी में आया हुआ था। नयानगर गांव के पास किसी ने वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शंकर गोंड की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी बाइक एमपी 22 एमके 9736 भी क्षतिग्रस्त हालत में पास में पड़ी थी। शंकर के सिर में गंभीर चोट होने और अधिक रक्त रिसवा के चलते उसकी मौत हो गई। चरगवां पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया है।

# जिला स्तर वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव ऑफर लैटर वितरण कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के अंतर्गत च्जिला स्तर वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव ऑफर लैटर वितरण कार्यक्रम शासकीय महाकोशरल कॉलेज, जबलपुर में माननीय डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षामंत्री, म.प्र.शासन के मुख्य अतिथ्य एवं माननीय श्री अषोक रोहाणी, विधायक, केण्ट, जबलपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग द्वारा अतिथियों का स्वागत पुश्पगृच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव जी, उच्च शिक्षामंत्री म.प्र.शासन ने उपस्थित प्राचार्यो, प्राध्यापकों, कर्मचारी एवं मेंटर और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि हर्ष की बात है कि प्रधानमंत्री ने जो सपना देखा है उसे आप साकार कर रहे है। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना का उदेदष्य विद्यार्थियों के जीवन में रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से उजाला लाना है। इसी उददेश्य को पूर्ण करने की दिशा में यह कार्य सराहनीय पहल है। उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में संवेदनशील है आप जो भी कोर्स मॉंगेगे उसकी स्वीकृति शासन द्वारा दी जायेगी।



अध्यक्षता कर रहे अशोक रोहाणी, विधायक, केण्ट, जबलपुर ने कहा कि ईष्वरदास रोहाणी (दादा) ने अपने राजनैतिक जीवन में विद्यार्थियो के रोजगार एवं स्वरोजगार की दिषा में अनुकरणीय कार्य किये है। हम उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर युवाओं को जीविका उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे है। आज आवश्यकता है कि विद्यार्थी स्वंय रोजगार प्राप्त कर दूसरों को रोजगार देने वाले बने। माननीय विधायक जी ने उच्च शिषक्षामंत्री से अनुरोध किया कि जिस प्रकार महाकोषल कॉलेज में दृश्टिबाधित विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। वैसे ही पूरे प्रदेश के कॉलेजों में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाये।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने कार्यक्रम प्रतिवेदन प्रस्तृत करते हुये कहा कि इस वर्चुअल प्लेमसेंट ड्राइव में विभिन्न प्लेसमेंट कंपनी द्वारा जबलपुर जिले के कुल पंजीकृत 3260 विद्यार्थियों में से 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में कोविड प्रोटोकाल को दृश्टिगत् रखते हुये प्रतीक स्वरुप केवल जिले के षासकीय महाविद्यालय के 09 विद्यार्थियों माननीय मंत्रीदय् द्वारा प्लेसमेंट ऑफर लैटर वितरित किये गये।

# जबलपुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**जबलपुर यश भारत।** केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आश्वस्त किया है कि जबलपुर के विकास के लिए वह अपनी तरफ से हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। श्री सिंधिया ने यह आश्वासन भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक को दिया। श्री पाठक नई दिल्ली में श्री सिंधिया से भेंट करने गए थे.भेंट के दौरान उन्होंने नवनियुक्त केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री सिंधिया जी का शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया व जबलपुर को दो नई उड़ानें प्रदान करने श्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि नागरिक विमानन मंत्रालय का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद ही श्री सिंधिया ने जबलपुर को दो नई लाइट की सौगात प्रदान की है. इसमें से एक फ्लाइट जबलपुर से सूरत एवं दूसरी फ्लाइट जबलपुर से दिल्ली के लिए एक अन्य अतिरिक्त उड़ान है। अरविंद पाठक ने 2 नई फ्लाइट की सौगात प्रदान करने के लिए श्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया और कहा कि श्री सिंधिया दूरदर्शी विकास की सोच वाले जन नेता हैं और अपने कार्यों से उन्होंने लोगों के दिलों में विशेष जगह बनाई है।



श्री सिंधिया ने अरविंद पाठक को भेंट के दौरान आश्वस्त किया कि वे जबलपुर को अन्य नई उड़ानों की भी उपलब्धता के लिए शीघ्र निर्णय लेंगे. जिससे जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रमुख शहरों के लिए फ्लाइट की कनेक्टिविटी मिल सके। गौरतलब है कि जबलपुर के डुमना विमानतल का विकास कार्य जारी है और शीघ्र ही यहां पर अन्य बड़े विमान भी उतर सकेंगे। जबलपुर से अन्य बड़े शहरों की फ्लाइट उपलब्धता के बाद जबलपुर का राष्ट्रीय स्तर पर महत्व और बढ़ेगा वहीं पर पर्यटन की संभावनाओं को भी पंख लगेंगे। अरविंद पाठक ने सिंधिया जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जबलपुर के नागरिकों की ओर से सिंधिया जी के प्रति आभारी हैं। श्री सिंधिया शीघ्र जबलपुर प्रवास पर आ सके सकते हैं यह जानकारी भी श्री पाठक ने दी है।

# आज दो स्पेशल ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच



**जबलपुर यश भारत।** गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 01754 रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में 19 जुलाई को 02 शयनयान श्रेणी एवं गाड़ी संख्या 09238 रीवा से राजकोट स्पेशल ट्रेन में 19.07.2021 को 03 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़ी पूर्णत- आरक्षित है अत: इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का कृपया पूरी तरह पालन करें।

# मुंबई मैं तेज बारिश ,जबलपुर आने वाली अनेक गाड़ियां प्रभावित

**जबलपुर यश भारत।** मुंबई में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से रेलों के सञ्चालन पर भी प्रभाव पड़ा है जिसके कारण मुंबई से जबलपुर आने वाली दो स्पेशल यात्री गाडियों मुंबई ,पटना स्पेशल ट्रेन न.03202 (जनता एक्सप्रेस) एवं मुंबई ङ्कजबलपुर के बीच ल्चालने वाली स्पेशल ट्रेन न.02188 (गरीब रथ ) कल 18 जुलाई को मंबई के स्थान पर इगतपुरी से चलाया गया है। बारिश के कारण उक्त दो गाडियों के प्रारंभिक स्टेशन में बदलाव साथ ही मुंबई से हावड़ा के बीच चलने वाली हावड़ा मेल न.02322 को मुंबई से 04 घंटे, मुंबई से बनारस के बीच चलने वाली ट्रेन न.02193 (महानगरी एक्सप्रेस)5 घंटे एवं मुंबई से पाटलीपुत्र के बीच चलने वाली सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन न. 02141 भी मुंबई से 02 घंटे विलम्ब से रवाना हुई है. ये गाडियों उक्त अनुसार अपने निर्धारित समय से जबलपुर में विलम्ब से आ रही है।






## संपादकीय

# कोर्ट की आपत्ति पर गौर करे सरकार

यह पहला मौका नहीं है कि पिछले वर्षों में भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (ए) की संवैधानिकता न्यायिक पड़ताल के दायरे में आई हो। दरअसल, हाल के वर्षों में इस कानून के तहत दर्ज मामलों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2016–19 के बीच इस कानून के तहत दर्ज मामलों में 160 फीसदी की वृद्धि बतायी गई है जबकि दोषसिद्धि दर घटकर महज तीन फीसदी रह गई है। बीते सप्ताह मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने केंद्र सरकार से पूछा था कि महात्मा गांधी और बाल गंगाधर तिलक को खामोश कराने के लिये अंग्रेजों द्वारा प्रयोग किया गया औपनिवेशिक युग का कानून आजादी के 75 साल बाद भी अस्तित्व में क्यों है? लोकतांत्रिक परंपराओं को बाधित करते इस दंडात्मक प्रावधान को निरस्त क्यों नहीं किया जाता जबकि लगातार इसके दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। दरअसल, आईपीसी की इस धारा को चुनौती देते हुए एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने अदालत में याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि इस कानून का उपयोग बार–बार अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित करने के लिये किया जाता है। हकीकत यह भी है कि राजद्रोह के अधिकांश मामले अदालतों में टिक नहीं पाते क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियां कमजोर सबूतों के बावजूद राजनीतिक विरोध के चलते लोगों को सलाखों के पीछे डाल देती हैं। असंतुष्टों को सबक सिखाने के लिये इसका उपयोग किया जाता है, अब चाहे वह व्यक्ति पत्रकार हो, सामाजिक कार्यकर्ता हो, बुद्धिजीवी हो या आंदोलनकारी।अदालती कार्रवाई के बाद आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया जाता है लेकिन इस बीच विचाराधीन कैदी के रूप में जो शारीरिक व मानसिक यातना वह झेल चुका होता है, उसकी मुक्ति नहीं हो पाती। जीवन भर के लिये एक यंत्रणा दिमाग में रहती है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वी. चंद्रचूड़ की भी एक टिप्पणी आई थी, जिसमें कहा गया था कि आतंकवाद विरोधी कानून समेत कई अपराध नियंत्रक कानूनों का दुरुपयोग असहमति को दबाने के लिये नहीं किया जाना चाहिए। व्यक्ति को स्वतंत्रता से वंचित किये जाने की कोशिश के खिलाफ अदालतों को पहली पंक्ति के रूप में कार्य करना चाहिए। न्यायपालिका नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिये कदम उठाती रही है। अब सरकार का दायित्व है कि इस स्थिति में सुधार के लिये अपना कर्तव्य निभाये। केंद्र ने विगत में ब्रिटिश हुकूमत के दौर के साठ पुराने–निरर्थक कानूनों को निरस्त किया था, अब राजद्रोह कानून को भी कानून की किताब से हटाने का वक्त आ गया है। यह जितना ज्यादा समय अस्तित्व में रहेगा, लोकतंत्र को उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। निस्संदेह, लोकतंत्र में लोक का सम्मान होना चाहिए। लेकिन जब लोक पर तंत्र हावी होने लगता है तो लोकतंत्र की सार्थकता पर सवाल उठते हैं। किसी भी सभ्य समाज व देश में लोगों को अनुशासित रखने के लिये सख्त कानूनों का इस्तेमाल तार्किकता की दृष्टि से औचित्यहीन ही है।

# महामारी संकट से जूझने की जिजीविषा

सामान्य जिंदगी की ओर लौटने की आम तमन्ना कोरोना की दो लहरों की भयावह विभीषिका भी खत्म नहीं कर सकी। पिछले बरस कोरोना वायरस के अप्रत्याशित हमले ने दुनिया को हिला दिया था। भारत जैसा पिछड़ा और विकासशील देश जो विकास और नवजागरण की घाटी में आंखें खोलने का सपना देख रहा था, अब इस विकराल महामारी के आगमन की वजह से अपने आपको टूटे हुए सपनों की शरशैया पर पाने लगा। देश में बेकारी के विस्तार, महंगाई और भुखमरी के विस्तार के कारण ऐसे आंकड़ों से नेत्र विस्फारित हो गये कि देश का 22 फीसदी सकल घरेलू उत्पादन घट गया। विकास दर शून्य से भी 7.7 नीचे गिर गयी। लोग रोजी-रोटी से यूं उखड़े कि पिछले 45 बरस से उन्होंने ऐसा मंजर न देखा था, और महंगाई नियंत्रण का वादा देने वाली सरकार लौट कर फिर मनमोहन काल के मुद्रास्फीति स्तर पर लौट गयी। सन?् सैंतालिस के विभाजन के बाद देश ने फिर महानगरों की लॉकबंदी के कारण ध्वस्त आर्थिकता की वजह से इतने बड़े पैमाने पर श्रम शक्ति का पलायन महानगरों से गांव की ओर होते देखा।

पिछले साल के अन्त में जब कोरोना महामारी का यह पहला तूफान रुका तो इस देश के उद्यमी, किसान, मजदूर और आम आदमी कहां पराजित हुए? उनकी जीवन शक्ति फिर स्पन्दित हुई। उखड़े हुए लोग, अच्छे भले कारोबार को मिट्टी होते देखने के बाद भी लौटे। कामगारों की जीवटता ने उन्हें आवाज दी। किसान ने तो अपनी खेतीबाड़ी में किसानी का धर्म कभी छोड़ा ही नहीं था। सही है कि शहरों से बड़ी आबादी उखड़ कर गांवों में आ गयी और वापस जाने के लिए तैयार नहीं थी। लेकिन उन्हें भी अपने दामन में समेटने के लिए कृषक सभ्यता तैयार हो गयी। छोटे-बड़े कृषक समूहों की सहायता से लघु और कुटीर उद्योगों का एक समानान्तर संसार रचने की उद?्घोषणायें देश में होने लगीं। नया साल शुरू हुआ, आशाओं और उमंगों का संसार। इस संकल्प का संसार कि न केवल पुरानी आर्थिक गिरावट को दूर करेंगे, बल्कि दस प्रतिशत आर्थिक विकास की उपलब्धि के आधार पर देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। कभी न हारने का जज्बा भारतीयों में है।

इस वर्ष 16 जनवरी से देश में?कोरोना बचाव का टीका अभियान शुरू हो गया। इसे ब्रिटेन की कोवीशील्ड ही नहीं, भारत की कोवैक्सीन के आधार पर शुरू कर दिया गया था। रूस की स्पूतनिक और अमेरिका के माडर्ना और फाइजर तो अभी आपातकालीन इस्तेमाल की इजाजत पाकर मंच पर उतरने का दम बांधने लगी। धीरे-धीरे तेज होता चला गया भारत का टीकाकरण अभियान।

उत्पादन आपूर्ति की सब कमियों और चुनावी राजनीति की प्राथमिकताओं को झेलता रहा भारतीय टीकाकरण अभियान लेकिन उसे कोई भी अवरोध बाधित न बना सका। देखते ही देखते इसने टीकाकरण के आंकड़े को रिकार्ड समय में?बढ़ा अमेरिका के पैंतीस करोड़ को पीछे छोड़ दिया। सही है कि देश की आबादी का आंकड़ा सवा अरब से ऊपर है और प्रत्येक को दो डोज लगाने का संकल्प एक चुनौती। लेकिन प्रतिदिन एक करोड़ टीके लगा वर्षान्त तक सत्तर प्रतिशत आबादी को टीका लगा, हाई इम्यूनिटी प्राप्त कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। देश के लिए समर्पित टीकाकरण अभियान और साइंस अब भी कह रहा है कि लक्ष्य पूरा होगा।

टीकाकरण की शुरुआत के अगले ही मास देश में कोरोना की दूसरी लहर ने वायरस का रूप बदलकर कुछ इस प्रकार फैली कि उसने प्रशासन व अपर्याप्त चिकित्सा मशीनरी की पोल खोल विकराल अफरातफरी फैला दी। कहां तो देश के आत्मनिर्भर हो जाने के सपने फिर से देखे जाने लगे थे, और कहां आक्सीजन के सिलेंडरों और वेंटिलेटरों की तलाश करते दम घुटते मरीजों की मौत की खबरें आने लगीं। आदमी की नीयत और लालच ने अपना ताण्डव दिखाया। प्राणरक्षक आक्सीजन और रेडमेसिवर के टीके ही नहीं, निजी अस्पतालों के इलाज में भी काला बाजारी होने लगी।

लेकिन मानवीयता का अदम्य साहस, इनसानी सदाशयता और उदारता का समुद्र कभी सूखता नहीं। प्रशासन से कन्धा भिड़ाने के लिए धार्मिक और समाजसेवी संस्थायें सामने आयीं। इनसानी जीवट का संघर्ष सामाजिक अन्तर रखने के अनुशासन में बंधा और जीता। कोरोना की दूसरी लहर जिस तेजी के साथ उछली थी, उसी तेजी से डूबने लगी।

संक्रमण की रफ्तार एकदम घटी, लोग स्वस्थ होने लगे और जीवन अपनी रफ्तार पकड़ने लगा। आम फहम जिन्दगी को छोड़ एकान्तवास और सामाजिक जीवन जीना कठिन होता है, इसलिए देश के मेहनतकश इनसान दूसरी लहर की बेड़ियां तोड़कर अब फिर जी उठना चाहने लगे।

कोरोना की रफ्तार घटते हुए चालीस हजार प्रतिदिन के आसपास पर आ स्थिर हो गयी। गृह मंत्रालय ने कहा-पूरी लहर अभी खत्म नहीं हुई। हां मरीजों की संख्या घटकर कुल रोगियों का 1.48 फीसदी हो गयी, और ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 97 से अधिक फीसदी हो गयी। लेकिन राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बंगाल समेत कुछ राज्यों की दर अभी भी दस प्रतिशत से अधिक है। यह डर भी दिखाया।

परन्तु लोग आम जिंदगी में लौटना चाहते हैं। चाहे पंजाब के गांवों से लौटे मजदूरों का बिजली बंद, पावर कट के तोरणद्वारों ने स्वागत किया है, लेकिन देश के जीवन की चाल मन्द नहीं हो रही। अभी संक्रमण दर और रिकवरी बढ़ते देखकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तराखंड से पाबंदियां हटायी गयी। कामगारों की भीड़ कार्यस्थलों और पर्यटकों की भीड़ शिमला, डलहौजी, मनाली और उत्तराखंड में मसूरी में?उमड़ पड़ी है। सरकार का चौकसी तंत्र आगाह कर रहा है कि यह कोरोना की लहर को सीधा न्योता है। अगर यही हाल रहा तो फिर पाबन्दियां लगा दी जायेंगी।

लेकिन सामान्य जिंदगी जीने को आतुर लोग पूछते हैं, 'क्यों, कोरोना संक्रमण के केस तो महाराष्ट्र और केरल में बढ़े। इन स्थानों में तो अपार भीड़ के बावजूद सब सलामत है। इसलिए क्यों न लोगों को काम करने दिया जाये। सरकार का प्रेरक निवेश और दूसरा आर्थिक बूस्टर भी तो यही चाहता है। कब तक अनिश्चितकाल के लिए मेहनत को नजरअंदाज किया जाता रहेगा?

सही है कोरोना की तीसरी लहर डेल्टा प्लस वेरिएंट के साथ आ रही है। लेकिन हमारे सामाजिक अन्तर रखने, मास्क पहनने और सेनिटाइजेशन की चेतना भी तो जाग्रत हो रही है। जीना है तो उसे जिंदगी के सामान्य व्यवहार और अंदाज का हिस्सा बनाना होगा। यहीं बस नहीं, कोरोना के पलपल रंग बदलते वेरिएंट से महायुद्ध के लिए कोरोना बचाव टीके के विस्तार की रिकार्ड तोड़ गति बनानी होगी। उसके रास्ते में राजनीतिक अपेक्षाओं के बाजार न खड़े कीजिये।

और हां एक बात और, कोरोना वायरस पल-पल रंग बदलने वाला धूर्त वायरस है। अभी दुनिया में?इसके सात बेहद सक्रिय वायरस अपना रंग दिखा चुके हैं। अब जरूरी है कि ऐसे टीके का आविष्कार किया जाये, जो इस गिरगिटिया वायरस के हर रंग का खात्मा कर सके। लेकिन भविष्य तो इंतजार कर रहा है, इस उपचार का भी जो इस वायरस का वजूद ही मिटा दे। आधुनिक चिकित्सा शास्त्र के लिए ऐसी उपलब्धि असंभव नहीं। विशेषज्ञ इस चुनौती को स्वीकार करें।

**सुरेश सेठ**

# आपका राशिफल 20 जुलाई

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
लेन–देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक–3–6–8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक–4–6–8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक–3–5–7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक–2–4–6

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक–1–3–5

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक–4–6–8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन–देन में सतर्क रहें। शुभांक–5–7–9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम–प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक–2–6–9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
नये लोगों से मेल–मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक–दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक–6–8–9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
धन के लेन–देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता–पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक–4–7–9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक–3–6–9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद–प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक–2–4–7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5500



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल रॉय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 5499**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | ल | ओ | सी | ■ | जा | नी | दु | श्म | न |
| क | ■ | म | ■ | दि | ल | ■ | श्म | ■ | गी |
| रि | श्ते | ■ | फू | ल | ■ | अ | न | जा | ना |
| श्ता | ■ | शू | ■ | वा | स्त | व | ■ | नू | ■ |
| ■ | दि | ल | ज | ले | ■ | ता | रा | ■ | प्रि |
| ■ | ल्ल | ■ | ख्म | ■ | आ | र | जू | ■ | य |
| सं | गी | त | ■ | खु | शी | ■ | चा | ह | त |
| ग | ■ | ला | वा | ■ | र्वा | ■ | चा | ■ | मा |
| म | हे | श | ■ | आ | द | मी | ■ | बू | ■ |
| ■ | मा | ■ | रं | ग | ■ | ना | ग | म | णि |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# व्यक्तित्व को निष्प्रभावी बनाता है झूठ

मनुष्य का लालन–पालन जिस परिवेश में सहज रूप में होता जाता है, उसी के अनुरूप उसके भावी जीवन की कर्म व आदर्श की निश्चित समय–सारणी भी आकार लेती चली जाती है। उसके बाल मष्तिष्क में सारहीन कू?ा–कचरा अथवा अनमोल रहस्य–चिंतन जो कुछ भी अपने पास–परिवेश से मिलता जाता है, उसे ही वह अपनी जीवन–थाती समझ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होता रहता है। तदनुरूप ही उसका बौद्धिक, मानसिक, सामाजिक अस्तित्व व विकास भी सुदृढ़ होता चला जाता है। भाषा के काल्पनिक भूगोल से लेकर संस्कारों के अकाट्य इतिहास तक के विन्यास का तानाबाना व बीज–वपन इसी काल में सुनिश्चित होता चलता है। जीवन के प्रति आशा, आस्था, विश्वास व अनुराग का बीजारोपण भी जीवन की इस मांसल क्यारी में होने लगता है। बहुत बार, बहुत से नैसर्गिक गुण उसमें सत्संगति अथवा पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण सहज रूप से ही अंतरित हो जाते हैं, किंतु कई बार बचपन के कोमल मष्तिष्क में घर कर गए वजनी संस्कार किसी भी कीमत पर आजीवन अपरिवर्तित होने के लिए भी कटिबद्ध होते हैं। फिर उन्हें कोई बलिष्ठ से परम ज्ञानी गुरु तक परिवर्तित करने की सामर्थ्य नहीं जुटा सकता। इस वर्धापन काल में सत्याचरण व आदर्शपरक मूल्यों को सहेजना जितना कठिन व असहज लगता है, झूठ व असत्याचरण का अनुपालन, इसकी तुलना में उतना ही सहज व स्वीकार्य भी। ऐसी स्थिति में जहां सत्याचरण की मनोवृत्ति जीवन को सुदृढ़, स्वावलंबी व आशान्वित बनाती है वहीं असत्य के मार्ग का अनुसरण करने वाले मनों में हीन ग्रंथि की भावना उसी गति से पनपती चली जाती है जो व्यक्तित्व एवं चिंतन को अलग संकीर्ण पगडंडी पर ले चलने के लिए बाध्य कर देती है। जीवन के प्रति स्वच्छ, स्वस्थ व परिपक्व सोच सकारात्मक कार्यों की आधारशिला बनती है, जबकि कृत्रिम व ढोंग–प्रदर्शन वाली सोच गलत व नकारात्मक मार्ग पर चल स्वयं को कमतर आंकने की भावना को अपने भीतर जन्मती चली जाती है। कालांतर में यही असमर्थता झूठ बोलने व असत्याचरण के मार्ग पर चलने को विवश करती हैअंततः यही झूठ व असत्याचरण व्यक्तित्व को धूमिल व निष्प्रभावी बनाता है। मन, वचन व कर्म से, पूर्ण मनोयोग से किया गया कार्य ही सफलता व आत्मविश्वास के आकर्षक आनंद–महल तक ले जाता है। वचन और कर्म को आचरण के निकष पर कसने वाले व्यक्तित्व ही वस्तुतः महान होते हैं। दूसरी ओर झूठ का सहारा लेकर वे जिस व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहते हैं, उससे वे स्वयं ही अपनी दृष्टि में ही गिर जाते हैं। ढोंग–प्रदर्शन, असत्याचरण व झूठ की सत्ता बहुत दिन नहीं चलती। उनके काले कारनामों की कलई खुलते ही उन्हें पद व सत्ता से हाथ धोना प?ता है। फिर अच्छे दिन बुरे व काले दिनों में परिवर्तित होते कितनी देर लगती है ?

सत्य, वचन हो या कर्म, प्रथमतः भले ही कटु प्रतीत होता हो, किंतु परखने पर चौबीस कैरेट का स्वर्ण सिद्ध होता है। इसीलिए वह शाश्वत, सटीक व अपरिवर्तनीय होता है। झूठ, चालाकी व नकलीपन के मुलम्मे से दो दिन की वाहवाही भले ही मिल जाये, लेकिन अंततः जीवन में च्चार दिन की चांदनी व फिर अंधेरी रातज वाली उक्ति से ही उन्हें सामना करना होता है।ऐसे व्यक्ति न अपने को इस खोखले अहम से मुक्त ही करा पाते हैं और न अपने अज्ञान व असलीयत को सबके समक्ष स्वीकार ही। झूठ व ढोंग को जीवनी शक्ति व जीवन–ऊर्जा मानने वाले व्यक्ति की वैचारिक पौधशाला में, सत्य की दुर्लभ व स्थायी पौध कभी पनप ही नहीं सकती। ऐसा गुरु किस कोटि के शिष्यों के निर्माण कर सकता है?वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अनुसंधानों ने सिद्ध किया है कि जो व्यक्ति झूठ का सहारा लेकर आगे ब?ते हैं, वे आजन्म संशय के ताल में डूबे रहने के लिए अभिशप्त रहते हैं। न्यू इंग्लैंड यूनिवर्सिटी में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर तथा प्रख्यात मनोवैज्ञानिक डॉ. डेविड लिविंगस्टोन स्मिथ ने अपनी चर्चित पुस्तक च्व्हाइ वी लाइज में सिद्ध किया है कि झूठ बोलने वाले के पास धोखा और झूठ ही स्वयं को बचाने और जिंदा रखने का एक बहुत बड़ा जरिया होता है। उनका मानना है कि इस प्रवृत्ति वाला व्यक्ति पंद्रह मिनट में तीन बार झूठ बोलता है। पुस्तक में लेखक ने झूठ बोलने के व्यावहारिक कारणों का खुलासा किया है कि किस प्रकार एक कृत्रिम व्यक्ति के अवचेतन मन में झूठ का बीज पनप कर विशाल वृक्ष बन जाता है। यदि अध्ययनों की मानें तो इससे एक–तिहाई समय में परिश्रम कर वह अपना मौलिक व शाश्वत विकास कर सकता है। एक झूठ, रक्तबीज बन, खोखली सृष्टि की रचना कर व्यक्तित्व को किस प्रकार खंडित कर अनादृत करता है व सत्य, निर्भय व शाश्वत बन, समादृत कर सभी का कंठमाल बना रहता है।

**दिनेश चमोला 'शैलेश'**

## सूडोकु नवताल- 6021

★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -6020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## विचार प्रवाह



यदि कोई पति पत्नी अपने घर एकहोनहार बेटा चाहते हं तो उन्हें संयम और मर्यादा में रहना होगा। तपस्वी पति पत्नी के घर ही ऐसा होनहार बेटा पैदा होता है। जिस घर में पति पत्नी सारे दिन ताश चौपड़ खेलते हैं क्लब में जाकर डांस करते हैं और शराब पीते हैं। उस घर में दु:शासन और दुर्योधन ही पैदा होंगे। जीवन में संयम और मर्यादा होगी तो ही घर में राम, कृष्ण, महावीर, कुन्दकुन्द और शिवाजी महाराज का जन्म होगा। अगर बेटा शराबी है, चोर उचक्का है तो इसके लिए 50 फीसदी दोषी मां बाप भी हैं।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7092



**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

**शब्द पहेली -7091 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मानसून होशंगाबाद, ग्वालियर-चंबल, उज्जैन, इंदौर और भोपाल संभाग में हो सकती है बारिश

**भोपाल।** मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। मध्यप्रदेश के मध्य से भी एक अन्य ट्रफ तमिलनाडू तक बना हुआ है। हवा का रुख भी दक्षिण-पश्चिमी हो गया है। इस वजह से मिल रही नमी से प्रदेश में बादल छाने लगे हैं। साथ ही कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने लगी हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सोमवार से तीन-चार दिन तक प्रदेश में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं। वहीं महाकोशल-विंध्य के कई जिलों में जमकर बादल बरसे उधर, रविवार को राजधानी में कहीं-कहीं बौछारें पड़ीं। इसके अलावा रविवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सतना में 49, रायसेन में 29, इंदौर में 9.8, पचमढ़ी में नौ, जबलपुर में 8.2, दमोह और खरगोन में सात, नरसिंहपुर और गुना में छह, धार में चार, बैतूल और सागर में दो मिलीमीटर बारिश हुई। सोमवार-मंगलवार को होशंगाबाद, ग्वालियर, एवं चंबल संभाग के जिलों में तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं। सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, उज्जैन, इंदौर, भोपाल संभाग के जिलों में भी कहीं -कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।



मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से पांच डिग्रीसे. अधिक रहा। साथ ही शनिवार के अधिकतम तापमान (35.3 डिग्रीसे.) की तुलना में एक डिग्रीसे. कम रहा। मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि हवा के साथ लगातार मिल रही नमी से बादल छाने लगे हैं। बादलों के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। कम दबाव का क्षेत्र बनने से बढ़ेगी बारिश की गतिविधि मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार वर्तमान में वह राजस्थान से उत्तरप्रदेश होते हुए नगालैंड तक जा रहा है। इसका एक छोर सोमवार को बंगाल की खाड़ी में पहुंच सकता है। इससे बारिश की गतिविधियां और बढ़ेंगी। उधर, 23 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में बनने जा रहे कम दबाव के क्षेत्र के असर से सोमवार से तीन-चार दिन तक प्रदेश के विभिन्ना जिलों में बरसात का सिलसिला बना रह सकता है। मानसून आने के एक माह बाद महाकोशल-विंध्य में बारिश का इंतजार समाप्त हो गया। रविवार को जुलाई माह में पहली बार झमाझम बारिश हुई। कटनी, सतना, मंडला, डिंडौरी, दमोह और रीवा जिलों में अच्छी बारिश की खबर है। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

# भोपाल में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से पहले शुरू होगा तीसरा एयरोब्रिज, कार्गो का विस्तार भी करेंगे

**भोपाल।** राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा शुरू होने से पहले ही वैश्विक स्तर का एयरोब्रिज शुरू हो जाएगा। इस नए ब्रिज से अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्ग पर चलने वाले जंबो विमान भी अटैच किए जा सकेंगे। इससे यात्रियों को सुविधा होगी। भोपाल का यह तीसरा एयरोब्रिज है। चौथा ब्रिज भी निर्माणाधीन है। तीसरे एयरोब्रिज के निर्माण पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने करीब आठ करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसका काम अंतिम चरण में है। अथॉरिटी ने तीसरे एयरोब्रिज का काम तीन साल पहले स्वीकृत किया था। अक्टूबर 2020 में इसका लोकार्पण होना था, लेकिन कोरोना काल के कारण काम में विलंब होता गया। अब काम अंतिम चरण में है। इसकी स्थापना एवं



इलेक्ट्रिफिकेशन का काम देश की एक बड़ी कंपनी कर रही है। मशीनरी एवं स्थापना का काम पूरा हो चुका है। भोपाल एयरपोर्ट का निरीक्षण करने पहुंचे एयरपोर्ट अथॉरिटी के रीजनल डायरेक्टर जेटी राधाकृष्णन ने मीडियाको बताया कि तीसरे एयरोब्रिज का लोकार्पण अगले दो माह में कर दिया जाएगा।

### अगले साल तक चौथा एयरोब्रिज भी

भविष्य में उड़ानों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए चौथा एयरोब्रिज भी स्वीकृत किया जा चुका है। अगले साल तक यह शुरू हो जाएगा। अगले एक साल में भोपाल से दुबई उड़ान शुरू होने की संभावना है। यह भोपाल की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान होगी। ऐसे में तीसरे और चौथे एयरोब्रिज का लाभ इंटरनेशनल यात्रियों को मिलेगा।

# कोलार में हादसे का जिम्मेदार कौन: एक्सीडेंट में महिला की मौत के बाद निर्माण एजेंसी पर भी हो सकती है एफआईआर

**भोपाल।** भोपाल के कोलार थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी से जा रही महिला काउंसलर को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो सीवर लाइन की खुदाई के कारण हुए गड्ढे के कारण ड्राइवर ने डंपर को बायीं तरफ घुमा दिया था। हालांकि मौके से पकड़े गए ड्राइवर के बयान नहीं होने के कारण हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया। करीब चार साल पहले भी कोलार पुलिस थाने के सामने ऐसे ही एक मामले में सड़क में खुदे गड्ढे में मर्चेंट नेवी के अफसर 49 वर्षीय जॉय तिर्की गिर गए थे। कोलार पुलिस ने सड़क पर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।सागर इन्क्लेव में रहने वाली 44 वर्षीय श्वेता त्रिवेदी एक नशामुक्ति केंद्र में काउंसलर थीं। हादसे के वक्त वे पति शैलेष के साथ स्कूटर से घर लौट रही थीं। स्कूटर शैलेष चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी गिरीश सक्सेना ने बताया कि उनके गड्ढे से



बचने के लिए डंपर चालक ने स्टेयरिंग बायीं तरफ मोड़ा। इससे स्कूटर को पीछे से टक्कर लग गई। टक्कर से शैलेष बायीं तरफ गिर गए, जबकि श्वेता दाहिनी तरफ सड़क पर जा गिरीं। तभी डंपर का पिछला पहिया श्वेता के ऊपर से गुजर गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### इसलिए बन सकती है जिम्मेदारी

नगर निगम के असिस्टेंट इंजीनियर आशीष मार्तण्ड ने बताया कि सड़क की दूसरी ओर मुख्य पाइप लाइन से फीडर लाइन जोड़ने के लिए शनिवार रात गड्ढा खोदा था। काम होने के बाद रात में ही उसे भर दिया था। सोमवार को एयरटेल कंपनी के कर्मचारियों ने केबल ठीक करने के लिए दोबारा गड्ढा खोद दिया। उन्होंने उसे भरा नहीं, जिसे बाद में हमने भरा था।

### इंडियन रोड कांग्रेस में है प्रावधान

सड़क पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य इंडियन रोड कांग्रेस के नियमों के तहत होता है। इसमें ट्रैफिक कंट्रोल से लेकर, सेफ्टी, वाहन चालक और पैदल चलने वालों के साथ ही काम करने वालों की सुरक्षा के लिए बरते जाने के नियम और निर्देश स्पष्ट हैं। ऐसे में अगर कोई हादसा होता है तो इसके लिए पूरी तरह से निर्माण एजेंसी जिम्मेदार होती है। उसके खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कराया जा सकता है।

### चार साल पहले ठेकेदार पर मामला दर्ज हुआ था

जॉय की पत्नी अलका तिर्की की शिकायत पर कोलार पुलिस ने नगर निगम के ठेकेदार पर 288, 431 और 338 (ऐसा काम करना जिससे दूसरे की जान संकट में हो जाए) के तहत मामला दर्ज किया था।

# अब शत-प्रतिशत हो सकेगा बीज का अंकुरण

**भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) के विज्ञानियों की पहल ने कृषि जगत में एक नई क्रांति ला दी है। यहां के बायोलॉजिकल सांइस विभाग के विज्ञानियों ने एक ऐसे जीन की पहचान की है, जो पौधों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यही नहीं बीबीएक्स-32 नामक यह जीन पौधों के अंकुरण के समय को भी नियंत्रित करेगा, जिससे शत-प्रतिशत अंकुरण के साथ पैदावार भी बढ़ेगी। यह जीन पौधों के विकास के नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीबीएक्स-32 जीन पौधों के अंकुर निकलने के समय को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह जीन कृषि क्षेत्र में पैदावार बढ़ाने में सहायक होगा। विज्ञानियों का दावा है कि अभी सरसों की प्रजाति के पौधे अराबिडोप्सिस पर इसका सफल प्रयोग हो चुका है। आने वाले समय में सोयाबीन के बीज पर इसका प्रयोग किया जा रहा है। दरअसल, मध्य प्रदेश में सोयाबीन की खेती बड़े पैमाने पर होती है। इस लिहाज से यहां के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकता है।



### समय से पहले नहीं खुलेंगी पत्तियां

डॉ. सौरभ दत्ता ने बताया कि कई बार मिट्टी के अंदर बीज डालने के बाद विपरीत परिस्थितियों जैसे तेज धूप, अधिक बारिश आदि के कारण बीज का सही तरीके से अंकुरण नहीं हो पाता है। ऐसे में कई बार अंकुरण होने से पहले ही बीज की पत्तियां खुल जाती हैं। इसके कारण शत-प्रतिशत अंकुरण नहीं हो पाता है। अब ऐसे समय में ही बीबीएक्स-32 जीन अंकुरण में मदद करेगा। यह जीन बीज की पत्तियों को तब तक नहीं खुलने देगा, जब तक कि पूर्ण अंकुरण न हो जाए। तीन साल की मेहनत रंग लाई डॉ. दत्ता ने बताया कि करीब तीन साल तक उन्होंने अराबिडोप्सिस के पौधों पर शोध किया है। हर रंग के प्रकाश, तापमान और प्रोटीन के अध्ययन से पता चला है कि अंधेरे में बीजों का अंकुरण सही तरीके से होता है। इस शोध में डॉ. दत्ता के साथ उनके विभाग की शोधार्थी निवेदा रविंद्रन भी शामिल हैं। इस शोध को अमेरिका के रिसर्च जर्नल प्लांट फिजियोलॉजी में भी प्रकाशित किया जा चुका है। अब सोयाबीन के बीज पर इस जीन के प्रभाव को लेकर शोध किया जा रहा है।

### पौधे को विभिन्न् तापमान पर रखा गया

विज्ञानी डॉ. दत्ता ने करीब तीन साल तक अराबिडोप्सिस के पौधे पर ब्रासिनो स्टेरॉइड (बीआर) नामक हार्मोन वाले इस प्रोटीन का उपयोग कर देखा और पाया कि यह पौधा तापमान के अधिक होने पर तेजी से ग्रोथ नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन इस पौधे को अंधेरे में प्रकाश के लाल, हरे, पीले रंग और प्रकाश के विभिन्न् रंगों व विभिन्न् तापमान में रखने पर यह जीन तेजी से काम कर रहा है। डॉ. दत्ता ने पाया कि अंधेरे में पत्तियां प्रोटीन के प्रयोग से अच्छे से अंकुरण कर पाती हैं।

## सवा साल बाद 85 फीसद ट्रेनें पटरी पर आईं तो मिली राहत

# लेकिन वेटिंग भी बढ़ने लगी

**भोपाल।** पिछले साल देश में कोरोना की दस्?तक के बाद मार्च 2020 में पहले लॉकडाउन की घोषणा के साथ ही देशभर में रेलों के पहिए भी थम गए थे। अब सवा साल बाद 85 फीसद ट्रेनें पुन: पटरी पर दौड़ने लगी हैं। इससे यात्रियों को राहत मिल गई है। लेकिन कोरोना संक्रमण की रफ्तार घटने के साथ लोगों की आवाजाही भी बढ़ गई है,



जिसके चलते ट्रेनों में भी दबाव बढ़ता जा रहा है। इस वजह से ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। खासकर दिल्ली की तरफ जाने वाली ट्रेनों को छोडक़र मुंबई, प्रयागराज, गोरखपुर और चेन्नई की तरफ जाने वाली ट्रेनों में ज्?यादा दबाव है। कोरोना की तीसरी लहर का दबाव नहीं बढ़ा तो जल्द ही 100 फीसद ट्रेनें पटरी पर होंगी। बता दें कि कोरोना की पहली लहर में रेलवे ने मार्च 2020 में 100 फीसद ट्रेनों का संचालन रोक दिया था। इनमें से कुछ ट्रेनें चलाईं तो इस साल की शुरुआत में कोरोना की दूसरी लहर आ गई। नतीजतन, चालू की गई ट्रेनों को बंद करना पड़ा। दूसरी लहर से राहत मिली तो रेलवे ने बंद की 85 फीसद ट्रेनों को चालू कर दिया है। कोरोना के पूर्व भोपाल स्टेशन से 132 ट्रेनें चौबीस घंटे में गुजरती थीं। इनमें से 116 ट्रेनें चलने लगी हैं। यही स्थिति जोन से गुजरने वाली ट्रेनों की है। लोक परिवहन सुविधा बढ़ने से यात्रियों को बड़ी राहत है।

### भोपाल मंडल ने इन ट्रेनों को पुन: चलाया

भोपाल स्टेशन :- भोपाल स्टेशन से भोपाल-बीना मेमू, महामना एक्सप्रेस, भोपाल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस, भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, विध्यांचल एक्सप्रेस चलने लगी हैं।

ये ट्रेनें अभी भी बंद :- भोपाल-सिंगरौली साप्ताहिक एक्सप्रेस, राज्यरानी एक्सप्रेस, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस।

हबीबगंज स्टेशन :- जनशताब्दी एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, हबीबगंज-पुणे एक्सप्रेस, हबीबगंज-अगरतला एक्सप्रेस, हबीबगंज-संतरागाछी एक्सप्रेस चलने लगी है।

ये ट्रेन चलनी बाकी हैं:- हबीबगंज-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, हबीबगंज-धारवाड़ एक्सप्रेस।

# ठेका कंपनियों को कराना था बीमा, कर्मचारियों से वसूल लिए 30.66 लाख रुपये

**भोपाल।** बिजली कंपनियों में आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्दशा हो रही है। इसका असर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेका कंपनियां समय पर वेतन व सुविधा न देकर परेशान कर रही हैं, जिसकी वजह से वे मन लगाकर पूरी क्षमता के साथ काम नहीं कर रहे हैं। इससे कई बार उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। आउटसोर्स कर्मचारियों की शिकायत है कि उनका सुरक्षा बीमा आउटसोर्स ठेका कंपनियों को करना है, जिसका प्रीमियम उन्हें खुद जमा करना था, लेकिन कंपनियों ने आउटसोर्स कर्मचारियों से दबाव बनाकर वसूली की है। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र से करीब 2250 कर्मचारियों से बीमा के नाम पर 30.66 लाख रुपये वसूल किए गए हैं।

### वसूले गए पैसे वापस नहीं दिए तो करेंगे विरोध

आउटसोर्स बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज भार्गव ने जबरन वसूली करने के आरोप लगाते हुए कहा कि जीम वेंचर नामक ठेका कंपनी ने 2250 आउटसोर्स कर्मचारियों से प्रति कर्मचारी 1377 रुपये वसूले हैं। जबकि सुरक्षा बीमा खुद ठेकेदारों को ही करना था। इसका उल्लेख मेनपावर टेंडर क्रमांक 537 के सेक्शन छह





स्पेशल कंडिशन ऑफ कांट्रैक्ट की कंडिका 2.5 में है। इसके बावजूद ठेका कंपनी ने भोपाल के 446, रायसेन के 491, विदिशा के 606, सीहोर के 684 सहित 2250 आउटसोर्स कर्मचारियों से प्रति कर्मचारी 1377 रुपये वसूल लिए हैं। यह राशि अलग-अलग माह में वसूली गई। इसके दस्तावेज भोपाल वृत्त के अधिकारियों को पूर्व में ही दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने ठेका कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। उसका ठेका भी खत्म हो गया है। यह राशि वापस नहीं दिलाई गई तो बिजली बंद करने जैसे कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# बैरागढ़ के जाट एरिया में 14 दिन से पानी की सप्लाई बंद, रहवासी परेशान





**भोपाल ।** बैरागढ़ के कुछ इलाकों में आए दिन पाइपलाइन में लीकेज हो रहा है। कहीं गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है तो कहीं लोगों को पानी मिल ही नहीं पा रहा है। संत हिरदाराम नगर स्टेशन के पीछे स्थित जाट एरिया में पिछले 14 दिन से पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। वन ट्री हिल्स टेकरी पर स्थित ओवरहेड टैंक से पानी लीक होकर सड़कों पर फैल रहा है। नगर निगम के जलकार्य विभाग से कई बार शिकायत के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। रहवासी दीपक वाधवानी के मुताबिक आए दिन लीकेज से सड़कें खराब हो रही हैं। जाट एरिया निवासी रामचंद्र तिलोकानी के अनुसार पिछले 14 दिन से कॉलोनी के रहवासी प्यासे हैं। इस कॉलोनी में रेलवे पटरियों के नीचे से होकर पाइप लाइन पहुंचती है। लाइन क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को पानी नहीं मिल रहा है। 14 दिन बाद भी सुधार कार्य नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश है। जल कार्य विभाग के एई सचिन साहू ने लाइन की मरम्मत कराने का भरोसा दिलाया है, पर अभी तक काम नहीं हुआ है।

महिलाओं ने जोनल अधिकारी से व्यवस्था में सुधार की गुहार लगाई। नागरिकों के अनुसार शुरू के 20-25 मिनट मटमैला पानी आ रहा है। इसके बाद साफ पानी आना शुरू होता है। पानी की सप्लाई आमतौर पर 40 से 50 मिनट तक होती है। लोग पीने का पानी भी नहीं भर पा रहे हैं।

### उल्टी, दस्त और पेटदर्द की शिकायत

दरअसल, बैरागढ़ के अनेक इलाकों में पेयजल लाइनें सीवेज लाइनों के पास से गुजरती हैं। सीवेज के पास से गुजरते लोहे के पाइप जर्जर हो चुके हैं। कई बार जर्जर पाइप से सीवेज का पानी घरों तक पहुंच जाता है। दूषित पानी पीने से लोग उल्टी, दस्त एवं पेटदर्द जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सम्राट उत्सव समिति के अध्यक्ष भरत आसवानी के अनुसार गंदा पानी पीने से कई लोग बीमार हुए हैं।

### जर्जर पाइपलाइन बदलना जरूरी

पिछले दिनों गांधीनगर जा रही पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को परेशान होना पड़ा था। संत हिरदारामजी की कुटिया के सामने दो दिन तक पानी भरा रहा। यह लाइन लंबे समय से बदलने की जरूरत महसूस की जा रही है। आए दिन लीकेज से गांधीनगर एवं पटरी पार की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

# शहर में आज 45 केंद्रों में लगाया जाएगा कोरोना से बचाव का टीका

**भोपाल ।** शहर में सोमवार को 45 केंद्रों पर कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण में सिर्फ कोविसील्ड की पहली और दूसरी डोज लगाई जाएगी। कोवैक्सीन के लिए अभी एक हफ्ते इंतजार करना पड़ेगा। अभी तक कोवैक्सीन दूसरे डोज में लगाई जा रही थी, लेकिन सोमवार को कहीं भी इसकी उपलब्धता नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोवैक्सीन भारत सरकार से नहीं मिल पा रही है। एक हफ्ते बाद ही आने की उम्मीद है। वह भी दूसरा डोज ही लगाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ उपेंद्र दुबे ने बताया कि पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराने वालों को ही सोमवार को टीका लगाया जाएगा। वैक्सीन बचने की स्थिति में तीन बजे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों को टीका लगाया जा सकता है। उन्होंने साफ कहा है कि लोग पंजीयन कराए बिना केंद्र पर ना जाएं। किसी भी हालत में तीन बजे के पहले उन्हें टीका नहीं लगाया जाएगा। तीन बजे के बाद भी बची हुई डोज ही लगाई जाएंगी।

### निजी अस्पतालों को भी टीका लगाने के निर्देश

शनिवार को शहर के ज्यादातर निजी अस्पताल संचालकों की बैठक जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ उपेंद्र दुबे की मौजूदगी में हुई। बैठक में अस्पताल संचालकों को कहा गया कि वह वैक्सीन खरीद कर लोगों





को लगाएं। इसमें ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल होने के लिए कहा गया है। यह भी साफ निर्देश दिए गए हैं कि शासन द्वारा तय रेट से ज्यादा राशि हितग्राहियों से न लें।

यहां लगेगा टीका

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ओबेदिया, कोहेफिजा

इंदिरा गांधी हॉस्पिटल कैम्पस, शाहजहांनी पार्क

गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल, शाहजहांनाबाद

सुल्तानिया जनाना हॉस्पिटल, पीर गेट एरिया

लाइब्रेरी बिल्डिंग एडमिन ब्लॉक, गांधी मेडिकल कॉलेज

हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल रसिदिया, जहांगीराबांद

शासकीय हायर सेकंडरी कमला नेहरू गर्ल्स स्कूल, टीटी नगर

पुलिस फैमली वेलफेयर सेंटर, पीएचक्यू

एमपीटी लेक व्यू रेसिडेंसी, श्यामला हिल्स

25 बटॉलियन कैम्पस, भदभदा

न्यू कैंपियन स्कूल, ई-7, अरेरा कॉलोनी

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, शिवाजी नगर

फॉरेस्ट गेस्ट हाउस, चार इमली

नवीन गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, तुलसी नगर

ऑन्कोलॉजी ब्लॉक, एम्स, साकेत नगर

रेल कम्युनिटी हॉल हबीबगंज, शक्ति नगर

जवाहर लाल नेहरू भेल स्कूल,

एमपीईबी कैम्पस, बिजली नगर, गोविंदपुरा

ईएसआई भोपाल,

सांची क्लब हॉल निशातपुरा रेल,

बीएमएचआरसी हॉस्पिटल कैम्पस,

कोलुआ पोद्दार स्कूल, कोलुआ कलां

शासकीय हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल, बैरसिया

ग्राम पंचायत धामारिया, बैरसिया

ग्राम पंचायत गुनगा, बैरसिया

ग्राम पंचायत लालारिया, बैरसिया

गवर्नमेंट स्कूल नजीराबाद, बैरसिया

गवर्नमेंट पंचायत रूनाह, बैरसिया

गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल, गांधी नगर

ग्राम पंचायत रातीबढ़, गांधी नगर

ग्राम पंचायत फंदा कला, गांधी नगर

ग्राम पंचायत टूमडा, गांधी नगर

ग्राम पंचायत आदमपुर छावनी, गांधी नगर

ग्राम पंचायत सूखी सेवनिया, गांधी नगर

ग्राम पंचायत हाल ईटखेड़ी, गांधी नगर

गुरुकुलम स्कूल बावड़िया कलां

गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल मिसरोद

सीआरपीएफ मेंस क्लब

जसलोक स्कूल, बैरागढ़

गवर्नमेंट स्कूल, कोहेफिजा

गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल नयापुरा, लालघाटी

# लोगों को जाल में फसाने के लिए महिलाओं से नाइजीरिया से करवाता था फोन

**भोपाल ।** राजधानी के युवक से इंटरनेट मीडिया पर विदेशी महिला बनकर दोस्ती कर 11 लाख रुपये हड़पने वाले गिरोह के मुख्य सरगना नाइजीरियन युवक मुईट उर्फ अजीज मुईउद्दीन को साइबर क्राइम की टीम ने नोएडा यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सात माह से फरार था। उसके बाकी तीन साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपित लागों को अपने जाल में फंसाने के लिए नाइजीरिया से फोन कराता था और क्रिसमस के उपहार देने के नाम एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग द्वारा पकड़े जाने का डर दिखाकर पीड़ित से रुपये ऑनलाइन खाते में जमा कराता था। बता दें कि जनवरी 2021 को पवन अग्रवाल ने शिकायत की थी कि इंटरनेट मीडिया पर उसकी विदेशी महिला से दोस्ती हुई थी। महिला ने कहा कि वह क्रिममस का उपहार उसे भेज रही है। बाद में उसका फोन आया कि उस उपहार को एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है और वह अभी रुपये उसके खाते में जमा करा दे।

ग्राम पंचायत फनवानी का मामला

# निस्तार का पानी जा रहा घर के अंदर



## पंचायत नही दे रही ध्यान

**फनवानी।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्रामों को स्वच्छ रखने शासन स्तर पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है किंतु स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है । उल्लेखनीय है कि ग्रामों को स्वच्छ रखने एवं पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था हेतु ग्रामों में लगातार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं किंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ऐसा ही एक मामला सिहोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत फनवानी का प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत फनवानी के सोसाईटी कलोनी मे निवासरत गुलाम हैदर ने बताया कि घरेलू निस्तार के लिये बनी नाली का गंदा पानी उनके घर मे घुस रहा है जिसकी शिकायत पंचायत के कर्णधारों के अलावा सी एम हेल्पलाईन मे भी की गई मगर अब तक वहाँ सुधार कार्य नही किया गया पीड़ित का कहना है कि नाली को आगे बढ़ा दिया जाये तो इस समस्या से निजात मिल सकता है मगर जिम्मेदारों के उदासीन रवैये के चलते उन्हे परेशान होना पड़ रहा है तेज बारिस मे पूरी नाली का पानी गंदगी सहित उनके आँगन मे भर जाता है दूसरी तरफ जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है पीड़ित ने संबंधित जिम्मेदारों से शीघ्र सुधार कार्य कराये जाने की माँग की है।

# 60 हल्का, 28 पटवारी, 160 गांव

## कैसे होगा समय सीमा में आबादी सर्वे

## समस्या से जूझ रहे पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** तहसील के अंतर्गत अलग अलग ग्राम पंचायत में भारत सरकार की महत्वकांक्षी स्वामित्व योजना का लाभ देने के लिए कलेक्टर जबलपुर के निर्देशन में सिहोरा तहसीलदार राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में राजस्व विभाग के द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा हैं। विदित हैं कि इस योजना के तहत ग्रामीणांचल क्षेत्र में वर्षों से आबादी की जमीन पर काबिज लोगों को अब आवासीय संपत्ति का अधिकार दिया जाना हैं । योजना के प्रारंभ से तहसीलदार तहसील की राजस्व विभाग की टीम के साथ कार्य की प्रगति के लिए विभागीय लोगों से लगातार संपर्क और समन्यव बनाकर मैदानी स्तर पर सर्वे कार्य को गति प्रदान करने में लगे हुए हैं । इस दरमियान ग्राम की भूमि संबंधी समस्याओं के जमीनी संबंधित जानकारी लेकर निराकरण भी किया जा रहा है। जमीनी अमले को ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष अमित कुररिया के नेतृत्व में तहसीलदार सिहोरा को ज्ञापन सौंपकर सर्वे के दौरान आ रही समस्याओं समस्याओं के निराकरण की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सिहोरा तहसील में कुल 60 हल्को के 160 गाव है एवं प्रत्येक गांव में चार से पांच आबादी क्षेत्र हैं ऐसे में एक अकेला पटवारी 1 दिन में एक गांव का सर्वे नहीं कर सकता सर्वे कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए टीम वर्क की आवश्यकता है जिसमें राजस्व निरीक्षक को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए वही सघन आबादी क्षेत्र में चूने की लाइन डालना अत्यंत जटिल समस्या बना हुआ है पटवारी संघ ने सर्वे के साथ विभागीय अन्य कार्य एवं मीटिंग के चलते अत्यधिक वर्क लोड होने के कारण समस्याओं के निराकरण न होने तक सर्वे कार्य करने अपनी असमर्थता जताई है।

### स्वामित्व योजना का लाभ

सर्वे कार्य उनका किया जा रहा जहां ग्रामीण शासकीय आबादी की भूमि पर रह रहें हैं. ।उनके घरों का सर्वेक्षण कर उन्हें चूने से मार्किंग, करा कर भारत सरकार की टीम सर्वे आफ इंडिया के साथ सर्वे कराया जा रहा हैं ।जिसमें आबादी के सभी प्लाटों को चिन्हांकित कर भूमि को आवासी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने में ग्राम वासियों को मददगार साबित होगी। स्वामित्व योजना के तहत ग्राम के लोगों की आवासीय संपत्ति के अभिलेख का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगर होगी।

# महेंद्र शर्मा बने निजी स्कूल संचालक संघ के अध्यक्ष



सिहोरा। कोविड-19 के चलते आर्थिक संकट से जूझ रहे निजी स्कूल संचालकों की आवश्यक बैठक का आयोजन गत दिवस किया गया बैठक में स्कूल संचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा के साथ-साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से महेंद्र शर्मा को एसोसिएशन का अध्यक्ष, विश्वजीत श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष ,मनोज दुबे को सचिव ,एम भास्करण को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया बैठक में निशांत वात्री ,सूर्य प्रकाश मिश्रा, अनिल ब्यौहार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

# शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**सिहोरा।** पालीवाल कालोनी स्थित कान्हा कुटी में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण महायज्ञ की रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई । जो भ्रमण के बाद कथा स्थल पर सपन्न हुई । आयोजक मंडल के अंकित तिवारी ने बताया की 25 जुलाई तक आयोजित कथा मे आचार्य संदीप मिश्रा भेडा वाले प्रतिदिन भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे । कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील रामजी तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, कैलाश तिवारी, श्रीमती विद्या तिवारी,अमित तिवारी, सुशील, सुनील, कुलदीप, कमोद, अजित, शिवम, सत्यम, कान्हा तिवारी आदि ने की है ।

# जिला चिकित्सालय में उपयोगी वस्तुएं भी कबाड़ी के हवाले

**शहडोल। शनिवार को कुशाभाऊ ढाकरे अस्पताल से शहडोल के नामचीन स्क्रैप कारोबारी अनुपयोगी स्क्रैप के साथ उपयोगी स्क्रैप भी वाहन में लोड करते नजर आये। स्क्रैप की बिक्री किस नियम से और किस दर पर की गई, इसके लिए प्रबंधन के लगभग जिम्मेदारों ने जानकारी देने से हाथ खड़े कर दिये। कुशाभाऊ ढाकरे अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में पड़े अनुपयोगी सामानों की नीलामी स्क्रैप के नाम पर करने की खबर है, ।**

शनिवार को शहडोल के रहीम नामक स्क्रैप कारोबारी के कर्मचारी स्क्रैप के साथ जब उपयोगी वस्तुओं को भी ले जाते नजर आये तो, मामले ने तूल पकड़ा, रहीम के साथ ही जिला चिकित्सालय के स्टोर प्रभारी व अन्य कर्मचारियों ने भी नीलामी के लिए की गई प्रक्रिया के संदर्भ में जानकारी देने से किनारा कर लिया। दूसरी तरफ जिले के अन्य दर्जनों कारोबारियों ने इस मामले में प्रबंधन और कथित कारोबारी के बीच सांठ-गांठ कर चोरी छुपे मामला निपटाने के आरोप लगाये हैं।

### बाजार मूल्य सहित वजन का खेल

अस्पताल प्रबंधन पर आरोप हैं कि तथाकथित रहीम नामक स्क्रैप कारोबारी को बाजार के प्रचलित मूल्य से कहीं कम पर स्क्रैप उठाने का काम दिया गया है, जबकि अन्य कारोबारी इससे कहीं अधिक दाम पर स्क्रैप खरीदने के लिए तैयार हो सकते थे, इतना ही नहीं अस्पताल परिसर के चारो तरफ फैले स्क्रैप के कुल वजन का आंकलन भी स्पष्ट नहीं है, यह भी खबर है कि कुल वजन में भी बड़ा खेल-खेलने की तैयारी है।

### चोरी छुपे निपटाया लाखों का स्क्रैप

बीते कई वर्षो से अस्पताल परिसर में दर्जनों स्थानों पर स्क्रैप के ढेर लगे हुए थे, जिन्हें निविदा आमंत्रण या बोली के माध्यम से बेचना तो आवश्यक था, लेकिन जिम्मेदारों ने यह पूरा खेल बंद दरवाजे के अंदर तय कर लिया और ऑफ रिकार्ड कुछ कोटेशन मंगवाकर काम रहीम नामक तथाकथित कबाड़ी को आवंटित कर दिया।

### लाखों की उपयोगी सामग्री कौडियों में

शनिवार को जब तथाकथित कबाड़ी के नुमाइंदे अस्पताल परिसर से स्क्रैप संग्रहित करते नजर आये तो, यह मामला चर्चा का विषय बन गया, परिसर के अंदर वर्षो से रखी अनुपयोगी व कबाड़ हो रही सामग्री का स्क्रैप के रूप में संग्रहण करना तो समझ में आता है, लेकिन लाखों की उपयोगी सामग्री को गैस कटर आदि से काटकर स्क्रैप में तब्दील करना समझ से परे रहा।

### जवाब देने से बचते रहे जिम्मेदार

कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल आये दिन सुर्खियों में रहता है, मजे की बात यह रहती है कि जिम्मेदार हमेशा से ही अपनी जवाबदेही से किनारे होते नजर आते हैं, शनिवार को भी स्टोर प्रभारी धर्मेन्द्र नामदेव स्क्रैप मामले में पल्ला झाड़ते हुए कहा कि स्क्रैप के मामले में आप सिविल सर्जन से बात करें, वही बता पायेंगे, वहीं जिसने कबाड़ खरीदी की, उसने भी पूरे मामले में पल्ला झाड़ लिया गया। निविदा या बोली के संबंध में जिले के अन्य कबाडियों को जानकारी न देने से पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया। खबर है कि 5 वर्ष पूर्व जिला चिकित्सालय में स्क्रैप की नीलामी बोली के माध्यम से हुई थी, लेकिन जिम्मेदारों ने इस बार मामले को ऊपर ही ऊपर निपटाने के आरोप हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था का आलम



**शहडोल।** ग्रामीण अंचलों के स्वास्थ्य केंद्रों में वैसे भी सुविधाए नाम मात्र के बराबर है। उसमें भी जो थो?ा बहुत लाभ आमजन को मिल रहा है वह नौसिखिए चिकित्सको के कारण आमजन से दूर होती जा रही है। ऐसा ही एक मामला बु?ार खंड चिकित्सा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंनौडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामने आया है। जहां अस्पताल में सामान्य प्रसव के लिए भर्ती होने वाली प्रसूताओं को प्रसव के बाद दो से तीन दिनों तक भर्ती अवधि के दौरान नास्ता व दोनों टाइम का भोजन दिया जा रहा था ।लेकिन हाल ही में वहां पदस्थ एक नौसिखिए महिला चिकित्सक ने अपनी पदस्थापना के बाद ही उक्त भोजन कि व्यवस्था को आते ही बंद करा दिया। वही वह अपनी सेवाएं भी यहां न देकर बु?ार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दे रही है।

### शासकीय योजना का नही मिल पा रहा लाभ

शासन प्रशासन का हमेशा उद्देश रहता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे वहां के ग्रामीण वासियों को शासन द्वारा दिए जा रहे हैं विभिन्न योजनाएं ग्रामीणों को मिल सके चाहे स्वास्थ्य विभाग हो चाहे ग्राम पंचायत शासन की योजनाओं को पूरा लाभ दिया जाए लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही देखी जाती है ।ऐसा ही मामला बुढार क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चन्नौडी में मिला जहां कुछ दिनों पहले प्रसूति महिलाओं को भोजन डाइड एनआरएचएम के माध्यम से प्रसूति महिलाओं को दो दिवसीय भोजन दिया जाता था लेकिन यहां अप्रैल माह से पदस्थ डॉक्टर पूजा मिश्रा के द्वारा प्रसूति महिलाओं का आहार बंद कर दिया गया है ।अब प्रसूताओं को यहां वहां से किसी तरह भोजन का इन्तेजाम कर दो से तीन दिन तक अस्पताल में गुजारना प?ता है । बीते दिवस भमला निवासी अंजली सिंह उम्र24 वर्ष प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंनौडी में भर्ती हुई जहाँ उसे तीन दिनों तक भोजन पानी व किसी प्रकार का पौष्टिक आहार शासन से दी जाने वाली सुविधा के रूप में नसीब नही हुआ।

# नगर परिषद गठन को लेकर जनता असमंजस में

**अनूपपुर।** बीते कई वर्षो से नगर परिषद गठन को लेकर जनता के द्वारा कई बार मांग रखी गई। उपविधानसभा चुनाव के दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा चुनावी सभा व भाजपा संगठनात्मक बैठक के दौरान घोषणाएं वादे किए गए। बरगवां की जनता जनार्दन का कहना है की निरंतर खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह के द्वारा चुनाव से पूर्व व चुनाव के बाद यह कहा गया कि जल्दी ही बरगवां अमलाई नगर परिषद का गठन होगा और 5 दिवस के अंदर सीएमओ की पदस्थापना की जाएगी। 5 दिवस छोड़कर कई महीने बीत गए किंतु क्षेत्र की जनता के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है ।उनका कहना है कि यह सिर्फ चुनावी घोषणा व शिगुफा तो नहीं या फिर मंत्री महोदय के द्वारा जनता के विश्वास पर खरे न उतरने का कारण यही नहीं इनके द्वारा बार-बार अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान भी लोगों को आश्वस्त किया गया कि जल्द ही बरगवां देवहरा को जोड़कर बरगवां अमलाई नगर परिषद का गठन किया जाएगा किंतु आज उपचुनाव को हुए बरसों बीत गए जिससे होने जा रहे।

# विनय बने सिहोरा नगर मंडल महामंत्री

**सिहोरा-** सांसद राकेश सिंह,विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ,जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, प्रदेश सदस्य राजा मोर की अनुशंसा पर नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा ने पूर्व पार्षद विनय जैन को सिहोरा नगर मंडल का महामंत्री पद पर नियुक्त किया है ।उनके मनोनयन पर विधायक बहोरीबंद प्रणय पांडे ,पूर्व विधायक दिलीप दुबे, जिला महामंत्री राजेश दाहिया ,सत्यप्रकाश खरे, अरुण जैन, शिशिर पांडे,माधव मिश्रा,मनोज जैन,अनिल पिल्ले,प्रवीण कुररिया,चीकू तिवारी, अनुपम सराफ, नीरज पांडे,सुनील कनकने, किशन जानवानी, प्रशांत परौहा,अंकित तिवारी,राजा ठाकुर, विजय श्रीपाल,वीरेंद्र पटेल, बब्लू महोबिया ,सुबोध दुबे, विनोद गुप्ता,रोहित यादव,अनिकेत तिवारी ,रचित चौरसिया, दीपक दत्त दुबे, विवेक सेलर, सुग्रीव सेन, संदेश विश्कर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



# बजरंग सेना नर्मदा खंड महाआरती समिति द्वारा महाआरती का आयोजन

**गोटेगांव।** बजरंग सेना नर्मदाखण्ड महाआरती समिति गोटेगांव के तत्वाधान में प्रत्येक शनिवार को सायंकाल 7-30 बजे स्थानीय संकट मोचन मंदिर बकतला (हनुमानताल) में भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की संगीतमय महाआरती का आयोजन पंडित दीपक तिवारी एवं अभिषेक दुबे जी के आचार्यत्व में विगत 2 वर्षों से अनवरत रूप से जारी है इस क्रम में आज आषाढ़ शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित छायाकार रघुनाथ राय ,सिद्धार्थ राय परिवार की ओर से हनुमानलला की संगीतमय महाआरती एवं पूजन अर्चन पूर्ण वैदिक विधि मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया इसी अवसर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का गायन किया गया संगीतमय महाआरती पूजन अर्चन हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई



विदित हो गए की बजरंग सेना नर्मदाखण्ड महाआरती समिति द्वारा नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम विगत 2 वर्षों से आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें क्षेत्रवासियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हो रहा है कार्यक्रम समापन पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से संदीप तिवारी कमल रजक अखलेश सोनी नीरज दुबे बद्रीप्रसाद चौकसे कृष्ण कुमार राजपूत विनोद गुप्ता अनिल राय दीपक सराठे नेहाल अग्रवाल मुकेश ठाकुर नीरज दुबे विजय वंशकार नीरज सोनी आशीष पटेल अमित सोनी देवेंद्र व्यास राजेश पांडे हेमंत सेन श्रीकृष्ण सेन अरविंद मेहरा रामजी पटेल ओर बटुक सेना से सिदार्थ राय अक्षत सराठे मयंक तिवारी ध्रुव भैया उपस्थित रहे एवं समस्त देशवासियों के लिए हनुमान जी के श्री चरणों में सभी के स्वस्थ रखने हेतु सुख समृद्धि की कामना की है।

# कोरोना योद्धा को किया गया सम्मान

**धनपुरी ।** कोरोना योद्धा का सम्मान समारोह रविवार को श्यामा गार्डन धनपुरी में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम आयोजित समिति के संचालक पुरूषतम गुप्ता विनय सिन्हा मोहन सोनी चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया को सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जैतपुर विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री मनीषा सिंह ,विशेष अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक शंकर नागाचारी कार्यक्रम के अध्यक्ष शंभू नाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ मुकेश तिवारी एवं मंचासीन अतिथि सीएमएचओ शहडोल पूर्व सीएमएचओ डॉ राजेश पांडे, डॉ एके श्रीवास्तव, , धनपुरी एसडीओपी भरत दुबे, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, हनुमान प्रसाद खंडेवाल, धनपुरी थाना प्रभारी उमेश्वर ठाकरे ,बुढार महेंद्र सिंह चौहान ,अमलाई थाना प्रभारी समीर खान नगर पालिका शहडोल के सीएमओ अमित तिवारी, डॉ एस पी त्रिपाठी शहडोल कोतवाली के निरक्षक रक्तम्बर शुक्ला सनत शर्मा मंचासीन रहे । स्वागत भाषण सांसद प्रतिनिधि मोहन सोनी के द्वारा दिया गया । कोरोना योद्धा के सम्मान में शहडोल जिले से सभी शासकीय अस्पतालों के डॉक्टर नर्स लैब टेक्नीशियन एवं पुलिस विभाग से सभी पुलिस बल एवं नगर पालिका धनपुरी के सभी स्वच्छता कर्मी एवं नगर पालिका स्टाफ नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका अधिकारी अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान गायत्री गौ सेवा संस्थान एवं अन्य सामाजिक संस्था जिन्होंने कोरोना योद्धा के रूप में अपना योगदान प्रदान किया ऐसे सभी लोगों का सम्मान किया गया सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष हेमंत सोनी इमरान खान अनिल यादव जवाहर जसवानी जगदीश सेन असलम मामा रवि करण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



# पंच प्रताप धमेजा के प्रयासों से हितग्राहियों को मिली अस्थाई खाद्यान्न पर्ची

**अमलाई।** जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बरगवां के कई हितग्राहियों को इस अस्थाई खाद्यात्र पर्ची कोरोना काल में नहीं मिल पा रही थी और ऐसे कई हितग्राहियों को खाद्यान्न से वंचित रहना पड़ रहा था इसकी सूचना जब वार्ड क्रमांक 13 के पंच एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रताप धमेजा को मिली तब उन्होंने खाद्य अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव छक्के लाल राठौर को दी उक्त दोनों शासकीय कर्मचारियों ने पंच की जनहित की मांग पर अमल करते हुए तत्काल इस संबंध में ठोस पहल किया जिसके कारण ग्राम पंचायत बरगवां के लगभग 54 लोगों को अस्थाई खाद्यान्न पर्ची प्राप्त हो सका गौरतलब हो कि इस खाद्यान्न पर्ची से उक्त 54 लोगों को 5 माह का खाद्यान्न मुफ्त में मिल सकेगा लोगों की हित के लिए अथक प्रयास करने पर ग्रामीणों ने पंच प्रताप धमेजा का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# भवानी कालोनी हरगढ स्कूल में किया पौधारोपण



**सिहोरा।** जय भवानी कॉलोनी के वॉलीबॉल ग्राउंड के आरक्षित मैदान पर स्थानीय निवासियों का नव निर्मित ग्रुप भवानी कालोनी विकास समिति के द्वारा साफ-सफाई कर सौंदर्ययुक्त, छायादार एवं सर्वाधिक आक्सीजन प्रदान करने वाले पौधो में पीपल,बरगद, कदम, नीम,अशोक, गुलमोहर एवं आंवला को रोपित किया गया। पौधों में पानी देने के लिए पाइप एवं नेट की व्यवस्था के साथ ग्रुप के द्वारा पूर्व के वृक्षारोपण सहित सभी वृक्षों में ट्री गार्ड, खाद तथा पानी की व्यवस्था की गई। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय मिश्रा, गुरु गौतम राजाराम पहारिया, प्रेमनारायण तिवारी, संतराम पटेल, भूपेंद्र हल्दकार, संत कुमार पटेल, सुबोध यादव, दीपांशु ठाकुर, लवकेश पटेल, अरविंद तिवारी जग्गी पटेल, मनीष बाधवानी, राजेंद्र तिवारी ,मोनू शुक्ला, नितिन दुबे, मोनीस हल्दकार, मोहित हल्दकार, समी पटेल, कुणाल हल्दकार,अंश तिवारी,राघव तिवारी, आदित्य पटेल आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

**शा. मा.शा.हरगढ में पौधरोपण** शासकीय माध्यमिक शाला हरगढ में गायत्री परिवार जबलपुर एवं सिहोरा के द्वारा उपलब्ध कराये गये विभिन्न प्रजाति के 50 पौधे रोपित किये गए।कार्यक्रम में गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों में घनश्याम बर्मन, रामलखन तिवारी, शिक्षक बलराम बर्मन सहित शाला के सभी शिक्षक अनेक छात्र एवं ग्रामीण जनो ने उपस्थित होकर पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया ।

# कुंडम में मोहन यादव का भव्य स्वागत

**कुंडम।** आज दिनांक 18 जुलाई 21 को उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का कुंडम आगमन हुआ, भा, ज, पा प्रदेश मंत्री व विधायक सिहोरा श्रीमती नंदिनी मरावी जी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया व भाजपा मंडल एवं शासकीय महाविद्यालय कुंडम ने स्वागत किया, माननीय विधायक जी के द्वारा कुंडम कॉलेज मैं रिक्त पदों की नियुक्ति हेतु ज्ञापन दिया गया, साथ में छात्र छात्राओं के लिए खेल ग्राउंड की मांग विधायक जी कॉलेज के छात्रों द्वारा मांग की गई, मंत्री द्वारा सहमति प्रदान की गई, एवं ग्राम पंचायत कुंडम को प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर कार्यालय भेजने को कहा गया, मंत्री जी ने सहमति प्रदान की, इस कार्यक्रम मैं कमलेश साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, बिहारी सिंह भवेदी, अशोक जैन, सरपंच गुलाब बर्मन, पूर्व सरपंच राजकुमार साहू, डॉक्टर राजू साहू, सुरेंद्र धुर्वे, राधेश्याम साहू, संतोष वरकडे, श्रीमती वर्षा साहू राम कुमार रजक, गुड्डू पटवा पत्रकार, शिवम साहू, डॉक्टर अनीता श्रीवास्तव प्राचार्य, डॉक्टर मधुमति नामदेव प्राध्यापक, डॉक्टर बिंदु अंगिरा सह प्राध्यापक, श्री अमरदीप बिंझारे, एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल कुंडम के समस्त पदाधिकारी व शासकीय महाविद्यालय कुंडम के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्मान किया गया।



# शो पीस बना हुआ है सुलभ शौचालय



**विवेक नगर ।** जनपद पंचायत जैतहरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में मार्केट के समीप ग्राम पंचायत द्वारा सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण कराया गया है जोकि मात्र शोपीस बनकर रह गया है बताया जाता है कि सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण कार्य अधूरा है पूर्ण रूप से छपाई नहीं हो पाई है और सेफ्टी टैंक के लिए बनाया गया गड्ढा भी सिर्फ खोदकर छोड़ दिया गया है नाही उसमें ढक्कन लगाया गया है और नाही पानी की किसी प्रकार की व्यवस्था उक्त सुलभ कंपलेक्स में है कांपलेक्स के अंदर टाइल्स लगाया जाना चाहिए जो कि नहीं लगाया गया है बताया जाता है कि उक्त सुलभ कंपलेक्स के लिए लगभग ?400000 की स्वीकृति प्रदान की गई है आखिर ?400000 की स्वीकृति प्रदान करने के बाद भी सालों से सुलभ कांप्लेक्स अधूरा पड़ा है और इस संबंध में नाही ग्राम के सरपंच ध्यान दे रहे हैं और ना ही सचिव द्वारा इसी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है जिसके कारण सुलभ कंपलेक्स का लाभ स्थानीय बाशिंदे नहीं उठा पा रहे हैं उपयोग ना होने के कारण उक्त सुलभ कांप्लेक्स जर्जर भी होते जा रहा है।

### मार्केट क्षेत्र में गंदगी का आलम

ग्राम पंचायत देवरी अंतर्गत मार्केट स्थल सहित अनेक स्थानों में गंदगी का आलम बना हुआ है बरसात में गाजर घास सहित अन्य घास फूस बढ़ रहे हैं लेकिन साफ सफाई के नाम पर पंचायत द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है बरसात के इस मौसम में साफ सफाई ना होने के कारण जहां जहरीले जीव जंतु का डर भय बना रहता है और वहीं दूसरी ओर गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने की प्रबल आशंका रहती है एक और प्रशासन द्वारा स्वच्छता के नाम पर राशि प्रदत की जा रही है लेकिन विवेक नगर में शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है इसके अलावा मार्केट स्थल पर पंचायत द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण मार्केट एवं साप्ताहिक बाजार आने वाले व्यापारियों सहित खरीददारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

### 8 महीनों से बालब है खराब

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे पंप हाउस स्थित है जहां से पाइप लाइन के माध्यम से मार्केट स्थल में पानी सप्लाई की जाती रही है लेकिन पंप हाउस का बालव बीते 8 महीनों से खराब है जिसे बदलने का प्रयास जिम्मेदार जनप्रतिनिधि द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण पानी की समस्या बनी हुई है।

# मंडी सचिव ने किया निरीक्षण, व्यापारियों में दहशत

**गोटेगांव।** कृषि उपज मंडी समिति गोटेगांव में सचिव श्रीमती सविता धुर्वे में नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंडी निरीक्षक उत्तम प्रसाद नादौनीया,सहायक उप निरीक्षक इमरत पटेल,आकाश रजक,प्रवीण यादव,व सहायक बेनी सिंह ठाकुर के द्वारा मंडी क्षेत्र में कृषि उपज के अवैध भंडारण एवं अवैध परिवहन पर नियंत्रण करते हुए आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिस में अवैध रूप से कृषि उपजों के व्यापार करने वाले कतिपय व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया है विगत दिवसों मैं हुई छापामार कार्यवाही से मंडी के राजस्व की वसूली हुई है जिसमें दंड स्वरूप मंडी शुल्क अधिरोपित कर रुपये1,19,063 अंकन एक लाख उन्नीस हजार तिरेसठ रुपये वसूल कर मंडी खाते में जमा कराया गया।जिसमें पांच गुना मंडी शुल्क 1,01,487 रुपया एवं निराश्रित शुल्क रु 2576-,,00 और प्रशमन शुल्क 15,000 वसूले गए।अतः किसान एवं व्यापारियों से अपील की जाती है कृषि उपज( अनाज )का क्रय विक्रय मंडी के नियमानुसार सुनिश्चित करें।उक्त जानकारी कृषि उपज मंडी समिति ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जारी की है।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# इशान किशन ने छक्का से रचा इतिहास



## सहवाग और रोहित शर्मा जैसे धुरंधर भी नहीं कर पाए ऐसा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने वनडे करियर का दमदार आगाज किया है। पहले मैच की पहली पारी की पहली ही गेंद पर उन्होंने दमदार छक्का लगाया। इशान को अपने जन्मदिन के दिन पहली बार भारत की तरफ से वनडे मैच में खेलने का मौका मिला। पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर इशान ने इतिहास रच दिया।

भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में इशान को डेब्यू करने का मौका मिला। 18 जुलाई 1998 को जन्में इस खिलाड़ी ने अपने जन्मदिन के दिन वनडे की कैप हासिल की। भारतीय टीम के पहला झटका 5.3 ओवर में पृथ्वी शॉ के रूप में लगा। तीसरे नंबर पर इशान को बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पहली ही गेंद पर इस युवा ने छक्के के साथ करियर का आगाज किया।

छक्के से वनडे डेब्यू करने वाले पहले भारतीय वनडे करियर का शुरुआत करने उतरे इशान ने पहली ही गेंद पर धनंजय को आगे बढ़कर जोरदार छक्का जमाया। ऐसा करने के साथ ही इस युवा ने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करवाया। इससे पहले किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने अपने वनडे करियर की शुरुआत छक्के के साथ नहीं की थी। टी20 में सूर्यकुमार यादव ने छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत भले की थी।

### श्रीलंका ने बनाए 262 रन

भारत के खिलाफ श्रीलंका की तरफ से पहली बार कसानी करने उतरे शनाका ने टॉस जीता और बल्लेबाजी का फैसला लिया। नीचले क्रम में उतरे चमिका करुणारत्ने ने महज 35 गेंद पर 43 रन की तेज पारी खेल टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निर्धारित 50 ओवर में मेजबान टीम 9 विकेट पर 262 रन बना पाई।




# दमदार वापसी के बाद बोले कुलदीप यादव, एक-दो खराब मैच से आपका करियर खत्म नहीं होता, लेकिन...

**कोलंबो।** श्रीलंका दौरे पर वनडे सीरीज के पहले मैच में चाइनामैन बॉलर कुलदीप यादव ने टीम इंडिया में शानदार वापसी की। मैच में उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 9 ओवर में 48 रन देकर दो विकेट लिए। पिछले कुछ समय से बाएं का हाथ का यह स्पिनर इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी संघर्ष कर रहा था। लोगों को लगने लगा था कि उनका करियर खत्म हो गया है। अब इस क्रिकेटर ने इस पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एक या दो खराब मैच से आपका करियर खत्म नहीं हो जाता, लेकिन जब आप लंबे समय से नहीं खेल रहे होते हैं तो संदेह जरूर पैदा हो जाता है। 2019 विश्व कप तक कुलदीप की टीम इंडिया में जगह पक्की थी और इस समय व मुख्य टीम की योजना में नहीं दिखाई देते हैं। इस साल की शुरुआत में पुणे में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने काफी खराब प्रदर्शन 0/84 किया। इस मैच के बाद लोगों को लगने लगा कि उनका करियर खत्म हो गया। कुलदीप ने रविवार को पहले वनडे में श्रीलंका के खिलाफ 2/48 के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मीडिया से कहा, %मुझे कभी नहीं लगा कि इंग्लैंड के खिलाफ उस मैच के बाद मेरा वनडे करियर खत्म हो गया। ऐसा समय आता है जब आप खूब रन देते हैं। मैंने कई बार मैच में चार या पांच विकेट लिए हैं और यह बेहतर होगा कि लोग उन उपलब्धियों के बारे में भी बात करना शुरू करें। 64 एकदिवसीय मैचों में 107 विकेट लेने वाले कुलदीप ने कहा, %एक या दो खराब मैच से किसी का करियर खत्म नहीं होता। मेरा मानना है कि जिन लोगों ने इस खेल को खेला है और जिन्हें खेल की जानकारी है, वे इस तथ्य को जानते हैं। पुणे में (इंग्लैंड सीरीज के दौरान) पिच बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी थी और स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिली। ऐसा हो सकता है कि विकेट आपको मदद न दे। श्रीलंका के खिलाफ मैच में काफी दिनों बाद ऐसा हुआ जब कुलचा के नाम से प्रसिद्ध कुलदीप यादव और युजवेंद्रा चहल की स्पिन जोड़ी एक साथ खेली। इसे लेकर कुलदीप ने कहा, %मुझे खुशी है कि हम लंबे समय के बाद एक साथ खेले। हम एक-दूसरे का सहयोग करते हैं और जब भी जरूरत होती है, हम एक-दूसरे को बताते हैं कि क्या करने की जरूरत है। उन्होंने हमारे बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है और इससे हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे प्रदर्शन ने टीम की जीत में मदद की।%






# जिस लड़के ने कृति खरबंदा की मर्जी के बिना की थी उनके साथ ऐसी हरकत, आज वही है एक्ट्रेस का जीजा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा इन दिनों अपनी फिल्म 14 फेरे को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में फिल्म 14 फेरे का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। फिल्म 14 फेरे में कृति खरबंदा और विक्रांत मैसी के कॉलेज के दिनों को भी दिखाया गया है। वह कॉलेज में अभिनेता की रैगिंग करती नजर आती है। ऐसे में कृति खरबंदा ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में लड़कों की खूब रैगिंग की थी। अभिनेत्री ने बताया है कि एक बार कॉलेज में एक लड़का उनकी मर्जी के बिना उनकी तस्वीर क्लिक कर रहा था। जब कृति खरबंदा को इस बारे में पता चला तो उन्होंने उस लड़के की जमकर रैगिंग की थी। यह बात उन्होंने अपने नए इंटरव्यू में कही है। कृति खरबंदा हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स नाउ से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म 14 फेरे और निजी जिंदगी को लेकर ढेर सारी बातें कीं। कृति खरबंदा से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कॉलेज के दिनों में किसी लड़के की रैगिंग की है। इस पर अभिनेत्री ने अपने कॉलेज दिनों के एक समारोह को याद किया, जब एक लड़का उनकी तस्वीर क्लिक कर रहा था। साथ ही यह भी खुलासा किया है कि वह अपने कॉलेज के दिनों में बहुत रैगिंग करती थीं। कृति खरबंदा ने कहा, %मैं कॉलेज के दिनों थोड़ी गुंडी टाइम इंसान थी। मैंने बहुत सारे लड़कों की रैगिंग की थी।% इस बारे में बात करते हुए कृति खरबंदा ने अपने कॉलेज के दिनों की एक घटना को याद किया।



अभिनेत्री ने बताया कि जब वह बॉयज कॉलेज में एक समारोह में शामिल हुईं तो उन्होंने कैसे एक लड़के को रैगिंग की। अभिनेत्री ने कहा है जब वह 12 क्लास में थीं तबसे से रैगिंग करती थीं। कृति खरबंदा ने कहा, %जब मैं 12वां क्लास में थी, मैं एक कॉलेज समारोह में भाग लेने के लिए लड़कों के एक कॉलेज में गई थी। वहां पर एक लड़के ने मुझसे बिना पूछे मेरी तस्वीर क्लिक कर ली। उस समय कैमरा फोन सिर्फ आए-आए थे। बाद में मैं उस लड़के के पास गई और कहा कि मुझे फोन सौंप दो। मैंने कहा कि मुझे तुरंत फोन दो। एक बार जब उसने मुझे अपना सेल फोन दिया, तो मैं सीधे उसके हेडमास्टर के पास गई और उस लड़के का फोन उन्हें सौंप दिया। और मैंने उस लड़के से कहा कि आज कर दिया, दोबारा हिम्मत मत करना।% कृति खरबंदा को बाद में वह लड़का उनकी दोस्त की शादी में मिला तो वह उसको देखकर काफी शर्मिंदा हो गई थीं। अभिनेत्री ने आगे कहा, %5-6 साल बाद मैं अपनी दोस्त की शादी में गई। मैं स्टेज पर गई और दुल्हा-दुल्हन को बधाई दी। दुल्हे ने मुझे लेकर मेरी दोस्त (दुल्हन) से पूछा कि वह कौन है ? मैं इससे पहले कभी मिला नहीं। इसके बाद कृति खरबंदा की दोस्त ने कहा कि यह वही लड़की है जिसने तुम्हारा फोन हेडमास्टर दे दिया था। कृति खरबंदा ने आगे कहा कि दुल्हा उन्हें न पहचाने की कोशिश कर रहा था। वहीं अभिनेत्री उसको देखकर काफी शर्मिंदा महसूस कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा, %अब वह लड़का मेरा जीजा है। यह घटना तब हुई थी जब मेरी दोस्त मेरा साथ थी। इन दोनों का चक्कर तब शुरू हो गया था। वह बहुत रो रहा था और कह रहा था कि मेरे फोन वापस दिलवा दो। और मेरी दोस्त उससे बोल रही थी कि सॉरी यह थोड़ी गुंडी टाइप है। यह फोन नहीं दिलवाएगी।% कृति खरबंदा ने कहा है कि यह एक फिल्म की तरह था।



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं नेहा धूपिया, पति अंगद संग फोटो शेयर कर किया अनाउंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया के घर जल्द फिर से किलकारियां गूंजने वाली हैं। जी हां, आपने एकदम सही समझा... नेहा धूपिया जल्द ही दूसरी बार मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस ने ये गुड न्यूज़ खुद अपने फैंस के साथ शेयर की है। नेहा ने अपने इंस्टाग्राम पर पति अंगद बेदी के साथ एक फोटो शेयर की है जिसमें उनका बेबी बंप साफ नज़र आ रहा है। इस फोटो के साथ ही नेहा इस खुशखबरी का ऐलान किया है कि दोनों फिर से पैरेंट्स बनने वाले हैं। नेहा ने जो फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की है उसमें वो, उनके पति अंगद और बेटी महर नज़र आ रहे हैं। इस फोटो में तीनों ने ब्लैक कलर का आउट फिट कैरी किया हुआ है। अंगद और नेहा एक हाथ से गोदी में मेहर को उठा रखा तो वहीं दूसरे हाथ से दोनों बेबी बंप को छू रहे हैं। दूसरी बार पैरेंट्स बनने की खुशी और सुकून नेहा और अंगद के चेहरे पर साफ नज़र आ रहा है। फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'दो दिन लगे हमें ये कैप्शन सोचकर आने में... और जो सबसे अच्छा हम सोच सकते थे वो था 'शुक्रिया भगवान'। #WaheguruMehrKare। नेहा के ये अनाउंस करते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने नेहा की फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा है, 'लव यू दोस्तों'। वहीं हाल ही में मां बनीं टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने भी उन्हें बधाई है। इसी बीच एक्ट्रेस की फोटो पर फिल्म डायरेक्ट फराह ख़ान ने बड़ा मजे़दार कमेंट किया है। फराह ने लिखा, 'तो यानी अब मैं सबको बता सकती हूं...' इसके साथ फराह ने लाफ्टर इमोजी शेयर की है। अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नेवली नंदा भी ने भी नेहा धूपिया को फिर से जल्द मां बनने की बधाई दी है। आपको बता दें कि नेहा और अंगद ने 10 मई 2018 बड़े गुपचुप तरीके से शादी की थी और सबको चौंका दिया था। दोनों ने गुरुद्वारे में शादी की थी, फोटोज़ सामने आने के बाद लोगों को पता चला था कि नेहा और अंगद की शादी हो गई है। जिस वक्त नेहा की शादी हुई थी तब वो पहले से प्रेग्नेंट थीं। शादी के कुछ ही महीने बाद एक्ट्रेस ने एक बेटी को जन्म दिया जिसका नाम है %महर%।

# बच्चा होने पर उजागर हुई ममेरे भाई की करतूत

## रिश्ते को किया कलंकित



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में भाई-बहन का रिश्ता कलंकित करने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब किशोरी ने एक बेटे को मेडिकल में जन्म दिया। पीड़िता से भाई तीन साल से बलात्कार कर रहा था, उसे शादी करने का भरोसा देकर रिश्तों को बार-बार कलंकित कर रहा था। पीड़िता ने अधारताल में दुराचार की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुए तलाश शुरू कर दी है। अधारताल इंद्रा नगर सुहागी निवासी 16 साल की किशोरी के साथ उसके ममेरे भाई प्रेमलाल सैय्याम ने शादी का झांसा देकर 3 साल तक शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी को डरा धमकाकर ममेरा भाई उसके साथ ज्यादती करता रहा है। उसकी यह घिनौनी हरकत उस वक्त सामने आई जब किशोरी को पेट में तेज दर्द हुआ जिसे आरोपी ने नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल में छोड़कर भाग गया। मेडिकल डॉक्टरों ने किशोरी की जांच पड़ताल के बाद उसे भर्ती कर लिया जिसने एक बेटे को जन्म दिया।

### बहन से कहा ,शादी करूंगा और करता रहा दैहिक शोषण

अधारताल पुलिस को पीड़िता किशोरी ने बताया कि ममेरा भाई उसका 3 साल से दैहिकशोषण कर रहा है। वह मना करती आ रही है कि रिश्तों का ख्याल रखो लेकिन आरोपी भाई नहीं माना वह शादी करेगा यह कहकर अपनी हवस मिटाता रहा।

### गर्भवती होने पर कहा कि, चिंता छोड़ शादी कर लूंगा

किशोरी ने अधारताल पुलिस को बताया कि तीन साल से ममेरे भाई की ज्यादती का शिकार हो रही है। जब उसका मन करता तो वह अपनी हवस मिटाकर शांत कर देता था। बीते माह उसने आरोपी को जानकारी दी कि वह गर्भवती है तो कहने लगा कि चिंता क्यों करती हो मैं तुमसे शादी करूंगा। परंतु तीन साल से आरोपी सिर्फ शादी करने का झांसा दे रहा है।

### बेटा पैदा हुआ तो बोला ये मेरा नहीं है

मेडिकल अस्पताल में भर्ती पीड़ित किशोरी ने अधारताल पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को उसने बेटे को जन्म दिया उस वक्त साथ में ममेरा भाई था। जिसको जानकारी दी कि यह बेटा उसका है तो वह कहने लगा कि यह बेटा उसका नहीं है इसलिए वो शादी नहीं करेगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी भाई ने उसका दैहिक शोषण किया और अब शादी करने से इंकार कर रहा है और उसे छोड़कर भाग गया है।

### 14 साल से मामा के साथ रह रही किशोरी

अधारताल पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 साल की किशोरी मूलत- बम्हनी घंसौर जिला सिवनी की रहने वाली है। बीते 14 साल से अपने मामा के साथ रह रही है। अक्सर मामा काम के सिलसिले से बाहर रहते थे और मामी की मौत दो साल पहले हो चुकी थी। घर में किशोरी को अकेला पाकर ममेरा भाई उसके साथ हैवानियत कर रहा था।

# भेड़ाघाट से 17 साल की किशोरी का अपहरण

## सहेली घर जाने को बोलकर निकली फिर नहीं लौटी घर,परिजनों ने भेड़ाघाट में दर्ज कराई शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के सिहोदा गांव से एक 17 साल की किशोरी का अपहरण होने का मामला सामने आया है। किशोरी घर से अपनी सहेली के यहां जाने निकली थी परंतु देर रात तक वह घर लौटी। इसके बाद परिजनों ने भेड़ाघाट थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में भेड़ाघाट पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिहोदा ग्राम की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी दोपहर 2 बजे अपने परिजनों से यह कहकर घर से निकली हुई थी कि मैं मोहल्ले में किसी सहेली कहां जा रही जिसके बाद वह शाम तक अपने घर नहीं लौटी परिजनों ने मोहल्ले एवं अपने रिश्तेदारों से इस संबंध में पूछताछ की गई किंतु उसका कहीं भी पता नहीं चला परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को इस पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया पुलिस ने पीड़ति पक्ष की पूरी व्यथा सुनने के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर उसके पतासाजी शुरू कर दी गई है।

### रास्ते में किसी ने अपहरण किया

बताया जा रहा है कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शायद किशोरी का अपहरण रास्ते में ही कर लिया गया है जबकि वह घर से यह कहकर गई थी कि वह सहेली के यहां जा रही है। किशोरी का अपहरण हुआ या फिर वह अपनी मर्जी से गई इसका पता लगाया जा रहा है।



**फ्लाईओवर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की कवायद तेज**

# रानीताल में सर्व हुए जमीन खाली करने के नोटिस

**जबलपुर यश भारत।** दमोह नाका से मदन महल तक बन रहे फ्लाईओवर ब्रिज मैं आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज कर दी गई हैं। क्योंकि निर्माणाधीन ओवरब्रिज में अलग.अलग स्थानों पर पॉइंट बनाए गए हैं जहां से उसे अन्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। इसी क्रम में फ्लाईओवर से गड़ा मार्ग को जोड़ने के लिए रानीताल से गढ़ा की ओर जाने वाली सड़क में भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसके लिए सोमवार को प्रशासन द्वारा जमीन खाली करने के लिए नोटिस दिए गए। क्योंकि फ्लाईओवर जो दमोह नाका से मदन महल की ओर जाएगा उसमें गढ़ा से आने वाली सड़क को जोड़ने के लिए एक पेच लगाया जाएगा जिसके माध्यम से इस मार्ग का आवागमन फ्लाईओवर से जुड़ सके साथ ही फ्लाईओवर की दोनों तरफसे लोग गोल बाजार तथा टेलीग्राफगेट नंबर 2 की तरफजा सके उसके लिए भी जगह की आवश्यकता होगी ऐसे में मुख्य सड़क मार्ग का स्थान तो फ्लाईओवर ही ले लेगा। ऐसे में साइड रूट के लिए दोनों तरफसे लगभग 30.30 फीट जगह अधिग्रहित की जा रही है। जिसके लिए प्रशासनिक काम तेज कर दिया गया है।

**जगह पड़ रही कम**



# कैलाश विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत किया

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का कल संस्कारधानी जबलपुर के हमारे कार्यालय में आगमन हुआ जहाँ उनसे भेंट हुई एवं इंडियन ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजयसिंह एवं विशाल दत्त द्वारा उनका स्वागत किया गया।

# हनुमानताल : दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के सती चौक में देररात उस समय भगदड़ की स्थिति बन गई जब दो पक्षों में खूनी खेल शुरू हो गया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर चाकू, बम से हमला कर घायल कर लिया।**

इस दौरान एक पक्ष ने दहशत फैलाने गोलियां भी चलाई। हनुमानताल थाना पुलिस ने मामले को जांच में लेते दो पक्षों पर प्रकरण दर्ज किया। हनुमानताल पुलिस के मुताबिक सती चौक निवासी सोनू उर्फ संजय कोरी और उसी मोहल्ले के अप्पा सोनकर के बीच रविवार रात 12.30 बजे के लगभग विवाद हो गया। दोनों ही पक्षों में फायरिंग की गई। वहीं एक पक्ष की ओर से बमबाजी और कांच के बॉटल फेंक कर हमला किया गया। अप्पा सोनकर ने सोनू के पेट में दो तो पीठ पर एक वार कर मरणासन्न कर दिया। दोनों पक्षों में विवाद की सूचना काफी देर बाद पुलिस तक पहुंची। सोनू को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। वहीं अप्पा सोनकर निजी अस्पताल में इलाज करा रहा है।

## पुराने विवाद पर बमबाजी, एक दूसरे पर किया जानलेवा हमला

### घर बाहर बुलाकर चाकू घोंप दिया

मेडिकल में भर्ती सोनू उर्फ संजय कोरी ने बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। मोहल्ले के अप्पा सोनकर से पूर्व में विवाद हुआ था। इसी विवाद की रंजिश को लेकर अप्पा सोनकर रात 12.30 बजे उसके घर आया। बात करने के बहाने बाहर बुलाया और चाकू से पेट और पीठ पर ताबड़तोड़ तीन वार कर लहूलुहान कर दिया। चीख सुनकर उसके परिवार के लोग दौड़े तो आरोपी पिस्टल से फायर कर भाग निकला। हनुमानताल पुलिस ने अप्पा सोनकर के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

### जुआ को लेकर हुआ विवाद

उधर, अप्पा सोनकर ने शिकायत में दावा किया कि सोनू के साथ पूर्व में मिलकर वह जुआ खिलाता था। अब बंद कर चुका है। रविवार रात को सोनू ने उसे बात करने के लिए घर बुलाया था। वहां उसका भाई मोनू और कल्लू उर्फ हिमांशु भी थे। तीनों ने उससे कहा कि पुरानी बात भूल कर फिर से मिलकर जुआ खिलाते हैं। अप्पा के मुताबिक उसने मना किया तो तीनों विवाद करने लगे। वह भागा तो सोनू, मोनू व कल्लू ने छत से जान से मारने की नीयत से उस पर बम और कांच की बोतलें फेंक कर मारा।

## 8 वीं पुण्यतिथि



स्व. श्री रामनारायण अवस्थी (रम्मू भैया) को 8वीं पुण्यतिथि पर सादर नमन्

आपका साया नहीं है अब हम पर, पर आपने जीना सिखाया है
आपकी हिम्मत ने, जब कभी कदम डगमगाए हमारे,
आपकी तस्वीर से भी दुआएं आती रही हैं।

**शत् शत् नमन्**

श्रीमती मधु अवस्थी (पत्नी), स्वप्निल- रागिनी अवस्थी (पुत्र-पुत्रवधु), सौरभ सनी अवस्थी (बेटा), हिमानी अवस्थी (नातिन), राजेश स्वाति तिवारी (बेटी- दामाद), विवेक दुबे पत्रकार (भतीजा) एवं समस्त अवस्थी परिवार

# युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली

**जबलपुर यश भारत।** बीती रात मझगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली । इस घटना की जानकारी जैसे उसकी लाचार मां एवं ग्रामीणों को लगी तो घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई । सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टिकरी मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय रुपलू तथा स्वर्गीय किशनलाल काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था वह अपनी मां के साथ घर पर अकेला रहता था उसकी दोनों बहनों की शादी हो चुकी थी गत शाम को उसकी मां मजदूरी करने के लिए खेत गई हुई थी और वह घर से कुछ दूरी पर बगीचा में गया जहां पर लगी एक आम के पेड़ में उसने फांसी का फंदा बनाया और उससे झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक शराब पीने का आदी था जिसके कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# हाइवा ने हाइवा को मारी टक्कर दो घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर बेला रोड में एक सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब दो हाइवा आगे-पीछे से टकरा गए जिसमें सवार ड्रायवर और हेल्पर को चोट आई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भतीज् कराया गया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।गोसलपुर पुलिस के अनुसार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली कि बेला रोड पर दो हाइवा में टकरा गए। मौके पर जाकर देखा तो एक हाइवा ने दूसरे हाइवा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की वजह से एक हाइवा का ब्रेक नहीं लगा और वह एक किलोमीटर बगैर ब्रेक चलता गया जिसकी वजह से ड्रायवर और हेल्पर को गंभीर चोट आई है। घायल कहां के है इस बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत् प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन बायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

दस्तक अभियान
19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक
श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री
श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री
दस्तक अभियान के दौरान जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का घर-घर जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जांच और उपचार
5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में जटिलतायुक्त गंभीर कुपोषण की पहचान की जाएगी।
जटिलतायुक्त गंभीर कुपोषित बच्चों को पास के एनआरसी में भर्ती करवाकर पूरा इलाज नि:शुल्क।
6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच।
गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चों के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था।
9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का घोल पिलाया जायेगा।
जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात विकृतियों की पहचान और आवश्यकतानुसार इलाज का प्रबंध।
निमोनिया से पीड़ित बच्चों में खतरे के लक्षणों की पहचान और नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था।
दस्त रोग नियंत्रण हेतु ओआरएस पैकेट दिये जायेंगे एवं उसके उपयोग की विधि समझाई जायेगी।
5 वर्ष तक के बीमार बच्चों की पहचान एवं नि:शुल्क उपचार।
दस्त रोग से पीड़ित बच्चों में गंभीर निर्जलीकरण की पहचान कर नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था।
गर्भवती महिलाओं एवं माताओं की स्तनपान संबंधी भ्रांतियों का निराकरण और उन्हें स्तनपान के महत्व की जानकारी दी जायेगी।
एसएनसीयू/एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों की जांच तथा फॉलोअप किया जाएगा।
आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण।
सघन दस्त रोग नियंत्रण पखवाड़ा (IDCF) का आयोजन दस्तक अभियान के साथ किया जाएगा
अधिक जानकारी के लिए आशा कार्यकर्ता/एएनएम/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11028/21
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2021

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)